इंदौर, बुधवार 10 जून 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 192
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650




राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...


इंदौर मेट्रो का शुभारंभ दो दिन आगे बढ़ा



पेज-2

'पेड्डी' में जान्हवी के किरदार की हो रही आलोचना



पेज-5

अधिकमास में सोमवती अमावस्या 15 को



पेज-6


## न्यूज ब्रीफ

- जॉर्डन का दावा, ईरान की 5 मिसाइलें हवा में मार गिराई
- अभिषेक बनर्जी की बढ़ीं मुश्किलें, 2018 हमले के मामले में बीजेपी नेता ने दर्ज कराई शिकायत
- ईरान पर अमेरिका की बड़ी सैन्य कार्रवाई, करीब 20 ठिकाने निशाने पर
- अमेरिका में बॉर्डर सुरक्षा पर बड़ा फैसला, ICE फंडिंग बिल रहाउस से पास
- सपा प्रमुख अखिलेश यादव का बड़ा दावा, बीजेपी के 225 विधायकों के कटेंगे टिकट
- आर्टिलरी को मजबूत करने की दिशा में भारतीय सेना का बड़ा कदम
- अपाचे हेलीकॉप्टर पर ईरानी हमले का अमेरिका ने दिया जवाब, पूरी की सैन्य कार्रवाई
- दिल्ली-NCR में चलीं 128 kmph की स्पीड से हवाएं, कई इलाकों में बारिश
- G7 समिट : पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की 16-17 जून को मुलाकात हो सकती है
- भारतीय शेयर बाजार बेखौफ, सेंसेक्स-निफ्टी में जोरदार तेजी
- EU का एक ऐलान... संकट में आ गईं भारत-चीन की 50 कंपनियां, रूस से है कनेक्शन
- पीओके में विरोध प्रदर्शन के बाद कर्फ्यू



न्याय की मांग में ज़मीन पर इंतजार...

# चुनाव आयोग से मिलेंगे कांग्रेसी सुप्रीम कोर्ट भी जा सकते हैं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव 2026 के बीच सियासत अपने चरम पर पहुंच गई है। कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के बाद भोपाल से लेकर दिल्ली तक राजनीति पूरी तरह से गरमा गई। कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस फैसले को अवैध और लोकतंत्र के खिलाफ बताने के साथ ही इलेक्शन कमीशन के दफ्तर के बाहर धरना दिया।

दिल्ली और भोपाल में आज कांग्रेस के नेता चुनाव आयोग के दफ्तर जाकर मध्य प्रदेश से राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने पर कार्रवाई की मांग करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने आज मिलने का समय दिया।

वहीं, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पलटवार करते हुए इसे कांग्रेस का सोचा-समझा षड्यंत्र करार दिया। दोनों दलों की तरफ से तीखे आरोप-प्रत्यारोप ने इस मुद्दे को बड़ा राजनीतिक संग्राम बना दिया है। मध्य प्रदेश की तीसरी राज्यसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन मंगलवार को खारिज कर दिया गया। बीजेपी की आपत्ति पर रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा ने ये फैसला लिया। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, अब तीनों सीटों पर भाजपा कैंडिडेट निर्विरोध हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है। पार्टी ने कहा कि नामांकन रद्द करना गलत है और यह राजनीतिक साजिश है। कांग्रेस ने कहा कि वह इस मामले में सुप्रीम कोर्ट भी जाएगी।

# महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक के ठिकानों पर छापा, साढ़े नौ करोड़ की संपत्ति मिली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर में लोकायुक्त पुलिस ने महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक लक्ष्मीनारायण कंडवाल के यहां छापा मारकर आय से अधिक संपत्ति का पता लगाया।अधिकारी को अब तक के अपने सेवाकाल में वेतन से ढाई करोड़ रुपये प्राप्त हुए, लेकिन छापे में साढ़े नौ करोड़ रुपये की संपत्ति मिली है। उन्होंने अपनी आय से 241 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की है।

छापे में स्कीम-103 में एक तीन मंजिला मकान और एक व्यावसायिक परिसर मिला। इसके अलावा स्कीम-140 में 10 हजार वर्गफीट के प्लॉट भी मिले। 30 वर्षों के सेवाकाल में वे अलग-अलग जिलों में पदस्थ रहे। फिलहाल वे इंदौर में पदस्थ थे। कंडवाल के पास पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के तारापुर, बेकलाय और बनेड़िया में 11 प्लॉट भी मिले हैं।



लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय ने बताया कि शिकायत मिलने पर बुधवार सुबह छापे की योजना बनाई गई थी। इसके लिए तीन टीमों का गठन किया गया। मकान, जिम और एक डिपार्टमेंटल स्टोर पर टीमों ने छापा मारकर कथित काली कमाई से जुटाई गई संपत्ति का पता लगाया। कंडवाल के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 13(1)(बी) एवं 13(2) के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया है।लक्ष्मीनारायण कंडवाल महिला एवं बाल विकास विभाग में संयुक्त संचालक के पद पर वर्ष 1996 से पदस्थ हैं। अब विभाग उनके निलंबन की कार्रवाई कर सकता है।

### महंगाई का एक ओर झटका

# प्रदेश में 12 से 20 प्रतिशत तक बढ़ेगा बसों का किराया!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • पांच वर्ष बाद सार्वजनिक यात्री बसों के किराये में बढ़ोतरी की तैयारी है। इसे लेकर अगले सप्ताह किराया निर्धारण समिति की बैठक होने जा रही है। इसमें बस किराये से संबंधित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक में नियमानुसार बस संचालकों के दो प्रतिनिधि भी सम्मिलित रहेंगे, जिससे निर्णय के बाद में किसी तरह की आपत्ति या विरोध न होने पाए। अभी बसों का किराया पहले किलोमीटर के लिए सात रुपये और फिर 1.40 रुपये प्रति किलोमीटर है। इसे प्रति किलोमीटर 1.50 रुपये तक किया जा सकता है। बस संचालकों के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में सोमवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों से भेंट की थी। यात्री बसों का किराया इसके पहले वर्ष 2021 में बढ़ाया गया था। बस संचालकों का तर्क है कि इसके बाद से डीजल, टैक्स व अन्य खर्च बढ़े हैं, लेकिन किराया नहीं बढ़ा। वे इसे दो रुपये प्रति किलोमीटर करने की मांग कर रहे हैं।



# पीएम मोदी का रिकार्ड, हवन पर बैठे इंदौरी भाजपाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का कीर्तिमान स्थापित किया। इसको लेकर आज इंदौर भाजपा के सभी दिग्गजों ने आज खज़राना गणेश मंदिर में हुई विशेष पूजा अर्चना, आरती- मंत्रोच्चार के साथ हवन सम्पन्न किया। गौरतलब है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इसको लेकर पूरे देश में समारोह कार्यक्रम मनाया जाएंगे। इसको लेकर नगर भाजपा ने भी शहर के सभी जनप्रतिनिधियों, प्रदेश के मंत्रियों के साथ खजराना गणेश मंदिर पर हवन-पूजन किया।

# मनाही के बावजूद भी सरियों और गड्ढों के बीच निकल रहे वाहन चालक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सड़क निर्माण का कार्य देख रही निर्माण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि इस पूरे रूट पर नई और व्यवस्थित सड़क को पूरी तरह से बनकर तैयार होने में कम से कम एक साल से अधिक का लंबा समय लगेगा। खुले गड्ढों और सरियों के बीच हादसों का लगातार बना हुआ है बड़ा खतरा। इस बड़े निर्माण कार्य के दौरान एक गंभीर समस्या यह भी सामने आ रही है कि मुख्य मार्ग बंद होने के बावजूद अनेक वाहन चालक लगातार निर्माण क्षेत्र के बिल्कुल पास और आसपास की तंग गलियों से होकर गुजर रहे हैं। इन लापरवाह वाहन चालकों को असुरक्षित तरीके से निकलने से पूरी तरह रोकने के लिए मौके पर फिलहाल किसी भी प्रकार की ठोस और पुख्ता प्रशासनिक व्यवस्था नहीं की गई है। पूरी निर्माणाधीन सड़क पर वर्तमान में बड़े-बड़े गहरे गड्ढे खुदे पड़े हैं और लोहे के नुकीले सरिए आदि खुले में बिखरे हुए हैं। इस वजह से कई स्थानों पर दुपहिया और चार पहिया वाहन लगातार फिसल रहे हैं। प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेटिंग के बावजूद वाहन चालक शॉर्टकट के चक्कर में बीच-बीच में से सीधे निर्माणाधीन सड़क के खतरनाक मलबे के ऊपर आ जाते हैं और जाम की स्थिति पैदा करते हुए आपस में गुत्थमगुत्था होते रहते हैं। अब मानसूनी बारिश का मौसम बहुत ही करीब आ गया है और छावनी क्षेत्र इंदौर शहर का एक बेहद प्रमुख व्यापारिक और रिहाइशी केंद्र माना जाता है, इसलिए यहां की चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। इस व्यस्त इलाके में मुख्य सड़कों को पूरी तरह से बंद कर दिए जाने के बाद से ही आसपास के तमाम संपर्क मार्गों पर सुबह से लेकर रात तक लगातार भीषण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। क्षेत्र के नागरिकों और दुकानदारों का मानना है कि यदि काम पूरा होने से पहले ही तेज बारिश का दौर शुरू हो जाता है, तो जलजमाव और कीचड़ के कारण स्थिति और भी अधिक भयावह और अनियंत्रित हो जाएगी।



# विधायक-सांसद के बाद अब ऑफिस की बारी, टीएमसी के हाथ से निकल सकता है दिल्ली वाला दफ्तर

**कोलकाता (एजेंसी)** • तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के साथ मुसीबतों का दौर लगातार बना हुआ है। पश्चिम बंगाल में हार के बाद पार्टी में हर ओर बागी तेवर दिखने लगे हैं। पहले विधानसभा और अब लोकसभा में पार्टी के बागी गुट ने अलग गुट बनाने का दावा पेश कर दिया। कई बड़े नेताओं ने इस्तीफा तक दे दिया। अब खबर है कि दिल्ली स्थित ऑफिस को लेकर भी बागी गुट ने अपना दावा पेश कर दिया और उसे खाली करने के लिए अभिषेक बनर्जी को पत्र लिखा गया है। टीएमसी सूत्रों के हवाले से खबर है कि तृणमूल कांग्रेस का दिल्ली स्थित दफ्तर खाली करने के लिए बागी सांसद पार्थो भौमिक की ओर से अभिषेक बनर्जी को पत्र लिखा गया है। भौमिक के दिल्ली स्थित सरकारी आवास 20 राजेंद्र प्रसाद रोड पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का दफ्तर चलता है। भौमिक फिलहाल टीएमसी के बागी ग्रुप के सदस्य हैं। पार्टी में अंदरुनी विवादों के बीच राज्य में नेता प्रतिपक्ष को लेकर मामला कोर्ट तक पहुंच गया है।

# कॉकरोच के बाद देश में लॉन्च हुई 'इश्क करो पार्टी'

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • कॉकरोच जनता पार्टी के बाद अब देश के सामने एक नई पार्टी 'इश्क करो पार्टी' पेश की गई है, जिसकी स्थापना सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस मार्कंडेय काटजू ने की है। उन्होंने बताया कि इस नई पार्टी की जरूरत क्यों पड़ी और इसका उद्देश्य क्या है। इससे पहले कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सुर्खियों में आने के बाद यह नया राजनीतिक कदम चर्चा का विषय बन गया है। जस्टिस काटजू के अनुसार 'इश्क करो पार्टी' भारत के सामने मौजूद गंभीर समस्याओं से निपटने का एक गंभीर प्रयास है। इतना ही नहीं, उन्होंने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को भी अपनी नई पार्टी में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है। काटजू ने अपने फेसबुक पोस्ट में सीजेपी की जमकर आलोचना की और उसके संस्थापक अभिजीत दीपके को मूर्ख बताया। अभिजीत दीपके राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षाओं में खामियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। जस्टिस काटजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लोग इस पार्टी को मजाक समझ सकते हैं और इसे लड़के-लड़कियों के बीच रोमांस को बढ़ावा देने वाले एक प्रकार के वैलेंटाइन डे अभियान के रूप में देख सकते हैं, लेकिन यह पूरी तरह से गलतफहमी है।

## अतिथि देवो भव: की परंपरा निभाते हुए विदेशी मेहमानों का स्वागत...



स्वागत...



नृत्य...



बैठक...

इंदौर। ब्रिक्स कृषि सम्मेलन के तहत 20 देशों के प्रतिनिधियों का इंदौर में मालवा संस्कृति के अनुरूप स्वागत किया गया। प्रतिनिधियों ने राजवाड़े में हैरिटेज वॉक की और ग्रामीण हाट बाजार का भ्रमण किया।

न्यूज ब्रीफ

## गंभीर नदी पुनर्जीवन हेतु भमती एवं रिछा पहाड़ियों का सीमांकन कार्य प्रारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गंभीर नदी के पुनर्जीवन और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए भमती एवं रिछा पहाड़ियों के सीमांकन कार्य की शुरुआत कर दी है। गंभीर नदी पुनर्जीवन अभियान के तहत नदी के जलागम क्षेत्र के संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महू राकेश परमार ने जनपद पंचायत डॉ. अंबेडकर नगर महू के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीराज दुबे तथा तहसीलदार महू विवेक सोनी के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र का निरीक्षण किया।

## ग्रामीण हाट बाजार आज से, जैविक उत्पादों की होगी विशेष बिक्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिला प्रशासन, आत्मा परियोजना एवं कृषि विभाग द्वारा आयोजित ग्रामीण हाट बाजार के समय में आज विशेष परिवर्तन किया गया है। ग्रामीण हाट बाजार अपने नियमित समय के स्थान पर प्रारंभ होकर पूरे दिन संचालित रहेगा। ग्रामीण हाट बाजार में इस बार मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्राकृतिक, जैविक और पारंपरिक उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। उपभोक्ताओं को सीधे किसानों एवं उत्पादकों से गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा।

## पीएम स्वनिधि योजना : 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में एक गौरवशाली और ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। राज्य शासन, नगरीय निकायों तथा ऋणदाता संस्थाओं के समर्पित प्रयासों एवं सक्रिय सहयोग से प्रदेश में अब तक 10 लाख से अधिक पथ विक्रेताओं को सफलतापूर्वक लाभान्वित कर उनके स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया जा चुका है। इस योजना की पहुँच को अंतिम छोर तक और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में 01 जून 2026 से विशेष अभियान संचालित किया जा रह है, जो 30 जून तक चलेगा।

## मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनजातीय गौरव, महान स्वतंत्रता सेनानी, 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समाज की अस्मिता व संस्कृति के संरक्षण के लिए भी निरंतर संघर्षशील रहे। जल-जंगल-जमीन की रक्षा और राष्ट्र की स्वाधीनता के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। भगवान बिरसा मुंडा के योगदान के प्रति यह राष्ट्र हमेशा कृतज्ञ रहेगा।

## एमपी कैबिनेट ने दी वर्ष 2030-31 तक निरंतरता को मंजूरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश के गांवों और शहरों की गलियों से गुज़रते हुए अगर आपको साड़ी का पल्लू संभाले या कॉलेज का बैग टांगे महिलाओं की कोई टोली दिखाई दे, तो उन्हें सिर्फ राहगीर समझने की भूल मत कीजिएगा। यह मध्यप्रदेश की 'शौर्या दल' सेना है—बिना वर्दी के समाज की वो 'गार्डियन' जो आज देश में महिला सशक्तिकरण की सबसे बुलंद हुंकार बन चुकी है ,जिसने महिला सशक्तिकरण की परिभाषा को कागजों से निकालकर धरातल पर साकार कर दिखाया है। सरकार ने इसे अगले 5 साल (2026-27 से 2030-31) तक लगातार जारी रखने का महत्वपूर्ण फैसला किया है।

# लक्ष्मीबाई नगर के नए स्टेशन से 12 जून से शुरू हो सकता है ट्रेनों का संचालन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए जा रहे लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर अब सबसे महत्वपूर्ण चरण आ गया है। रेलवे 11 जून को यार्ड रीमॉडलिंग और ऑपरेटिंग सिस्टम शिफ्टिंग का काम करेगा, जिसके लिए विशेष ब्लॉक लिया जा रहा है। इसी कारण 11 जून को कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यदि शिफ्टिंग का काम तय समय पर पूरा हो गया तो 12 जून से ट्रेनों का संचालन नए स्टेशन भवन से शुरू कर दिया जाएगा। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। रेलवे जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि पश्चिम रेलवे ने लक्ष्मीबाई नगर यार्ड के फेज-2 रीमॉडलिंग कार्य के लिए 11 जून को ब्लॉक घोषित किया है। इसके चलते चार पैसेंजर ट्रेनें पूरी तरह निरस्त रहेंगी, आठ डेमू ट्रेनों को लक्ष्मीबाई नगर तक ही चलाया जाएगा, जबकि 10 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जाएगा। इस दौरान स्टेशन के ऑपरेटिंग, सिग्नल और कंट्रोल सिस्टम को पुरानी बिल्डिंग से नई बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाएगा। रेलवे सूत्रों के मुताबिक नई स्टेशन बिल्डिंग लगभग तैयार हो चुकी है और अब रेलवे का पूरा फोकस संचालन को नए भवन में शिफ्ट करने पर है।



**तोड़ा जाएगा पुराना भवन**-रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पुराने स्टेशन भवन से नए भवन में शिफ्टिंग पूरी होते ही पुरानी स्टेशन बिल्डिंग को तोडने् का काम शुरू किया जाएगा। भवन हटने के बाद उसकी जगह अतिरिक्त रेलवे ट्रैक और नया प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा, जिससे स्टेशन की क्षमता और बढ़ेगी। इसके साथ ही यात्री सुविधाओं का विस्तार भी होगा।

**55 करोड़ की परियोजना अंतिम चरण में**-करीब 55 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहे लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर नया दो मंजिला भवन, हाई लेवल प्लेटफॉर्म, तीन लिफ्ट और 36 फीट चौड़ा फुटओवर ब्रिज बनाया जा रहा है। स्टेशन पर दो नए प्लेटफॉर्म और दो अतिरिक्त रेलवे ट्रैक भी विकसित किए जा रहे हैं। रेलवे का लक्ष्य जुलाई के पहले सप्ताह तक नया ट्रैक और प्लेटफॉर्म तैयार करने का है।

**इंदौर स्टेशन का विकल्प बनेगा**-रेलवे अधिकारियों का मानना है कि पुनर्विकास पूरा होने के बाद लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन इंदौर के वैकल्पिक टर्मिनल के रूप में विकसित होगा। यहां से लंबी दूरी की कई ट्रेनों का संचालन संभव होगा, जिससे इंदौर मुख्य रेलवे स्टेशन पर दबाव कम होगा।

### 11 जून को यह रहेगा असर

- उज्जैन-इंदौर और इंदौर-उज्जैन की चार पैसेंजर ट्रेनें निरस्त।
- रतलाम-डॉ. अंबेडकर नगर और डॉ. अंबेडकर नगर-रतलाम की आठ डेमू ट्रेनें आंशिक निरस्त।
- रतलाम-ग्वालियर, भिंड-रतलाम, जोधपुर-इंदौर, इंदौर-जोधपुर, प्रयागराज-डॉ. अंबेडकर नगर, वंदे भारत समेत 10 ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी।

# राज्यसभा चुनाव के चलते इंदौर मेट्रो का शुभारंभ दो दिन आगे बढ़ा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● चुनाव आयोग ने पिछले दिनों 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव का शेड्यूल जारी किया। 18 जून को ही इंदौर मेट्रो के 17 किलोमीटर के एलिवेटेड कॉरिडोर पर यात्री संचालन शुरू किया जाना था, जो अब 20 जून को होगा।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुई बैठक में जहां इंदौर-भोपाल प्रोजेक्ट की बैठक में समीक्षा की गई, वहीं गांधी नगर से लेकर रेडिसन चौराहा तक जो 17 किलोमीटर का कॉरिडोर तैयार हो गया है, उस पर यात्री संचालन शुरू करने का जो निर्णय लिया, उसकी तारीख 18 जून तय की गई। मगर चूंकि इसी दिन राज्यसभा के कश्मकश वाले चुनाव हैं, जिसके मुख्यमंत्री से लेकर केन्द्रीय मंत्री और अन्य व्यस्त रहेंगे। लिहाजा अब मुख्यमंत्री ने ही अब 18 की बजाय 20 जून को इसके शुभारंभ की तिथि तय करने और 21 जून से यात्रियों द्वारा सफर किया जाएगा। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने भी इस निर्णय की पुष्टि करते हुए उनकी मुख्यमंत्री से इस संबंध में चर्चा हुई थी और उन्होंने इसकी सहमति भी दे दी, जिसके चलते अब 18 जून की बजाय 20 जून को इंदौर मेट्रो के व्यवसायिक संचालन का शुभारंभ होगा और फिर उसके अगले दिन 21 जून से यात्री सफर कर सकेंगे। गांधी नगर से लेकर टीसीएस चौराहा तक के साढ़े 5 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सालभर पहले व्यवसायिक संचालन शुरू किया था। हालांकि यात्रियों का टोटा है और अब रेडिसन चौराहा तक कॉरिडोर तैयार होने के बाद मेट्रो ट्रेन दौडने् लगेगी। हालांकि अभी भी 17 किलोमीटर के इस एलिवेटेड कॉरिडोर पर यात्रियों का टोटा भी रहेगा, जब तक कि एयरपोर्ट से इसकी कनेक्टीविटी नहीं हो जाती। अग्रिबाण ने यह मामला प्रकाशित भी किया। दूसरी तरफ शुभारंभ की तारीख में हुए परिवर्तन की जानकारी मेट्रो कॉर्पोरेशन को नहीं मिली। आज-कल में विधिवत सूचना मिलेगी। दूसरी तरफ मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर जो जनहित याचिका हाईकोर्ट में चल रही है उस पर हाईकोर्ट के ही निर्देश पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने याचिकाकर्ता किशोर कोडवानी की सुनवाई की और साथ ही प्रशासन द्वारा गठित दल ने प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो रुट और स्टेशनों को लेकर एतिहासिक धरोहरों का भौतिक सत्यापन भी करवाया। अब 16 जून को इस रिपोर्ट और याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए बिन्दुओं पर सुनवाई होगी।



# अंक सूची, क्रेडिट डाटा व उपाधि संबंधी दस्तावेज एक क्लिक पर

## 30 जून से पहले अपलोड करें दस्तावेज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● वर्ष 2025 की परीक्षाओं की अंकसूची, क्रेडिट डाटा और उपाधि संबंधी दस्तावेजों को 30 जून के पहले एनएडी डिजीलॉकर पोर्टल पर अपलोड करना है। इसे लेकर कुलसचिव, मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, और सभी स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य को मप्र उच्च शिक्षा विभाग के अपर सचिव ने पत्र जारी किया है। कहा है कि एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) के प्रभावी क्रियान्वयन और छात्रों को निर्बाध रूप से क्रेडिट ट्रांसफर एंड रिडम्प्शन जैसी सुविधाएं देने के लिए अपार आईडी और पाठ्यक्रम के एनसीआरएफ लेवल के साथ अकादमिक रिकॉर्ड्स का समय पर अपलोड किया जाना जरुरी है।

### विंडो होगी बंद

*2025 से संबंधित सभी अकादमिक रिकॉर्ड्स और संबंधित क्रेडिट डेटा एनएडी/ एबीसी प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य रुप से 30 जून तक अपलोड करना है। तय समय सीमा के बाद अपलोड विंडो बंद कर दी जाएगी और किसी भी नए डेटा को अपलोड करने की अनुमति नहीं रहेगी। पहले से अपलोड किए गए रिकॉर्ड में सुधार या संशोधन केवल अपवाद स्वरुप मामलों में और एनएडी / एबीसी प्रणाली की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही अनुमति होगी।*

## लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर सांसद शंकर लालवानी को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सत्यशोधक समाज अंतर्राष्ट्रीय द्वारा कल लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के दौरे पर आए इंदौर सांसद शंकर लालवानी को विभिन्न जनहित एवं समाजहित की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सत्यशोधक समाज अंतर्राष्ट्रीय के प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव यादव 'काका' के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से देश सेवा में तत्पर रहने वाले यादव समाज द्वारा वर्षों से लंबित अहीर रेजिमेंट की मांग को पूरा करने , भोपाल प्रतापगढ़ ट्रेन क्रमांक 12183 का विस्तार प्रतापगढ़ से इंदौर इंदौर तक किए जाने तथा रेलवे विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा में दी जाने वाली रियायत को पुन: बहाल किए जाने की मांग रखी गई। सत्यशोधक समाज (अंतर्राष्ट्रीय) के पदाधिकारियों ने सांसद से इन मांगों को केंद्र सरकार एवं संबंधित विभागों तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई कराने का आग्रह किया।

## ग्राम अलवासा में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सत्यशोधक श्री अरविंदो दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, इंदौर के लोक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत अलवासा, सांवेर रोड, इंदौर में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में ग्रामीणों की दंत एवं मुख स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई तथा उन्हें दांतों की स्वच्छता, मसूड़ों के रोगों की रोकथाम एवं नियमित दंत परीक्षण के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति भी जागरूक किया गया।

डॉ. ईसा चौकसे , डॉ. पारुल हांडा, दंत चिकित्सा इंटर्न्स, जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) पवन कुमार जैन ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। ग्रामीणों ने शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री अरविंदो दंत चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की।

## अब तक 8 स्टूडेंट्स ने ही भरी पेनाल्टी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आईईटी के हॉस्टल में उत्पात मचाने वाले स्टूडेंट्स में से अभी तक 8 स्टूडेंट्स ने ही 25 हजार रुपए की पेनाल्टी जमा की है। अभी भी कई स्टूडेंट्स ऐसे है जिन्होंने ये पेनाल्टी नहीं भरी है। पेनाल्टी भरने के बाद ही स्टूडेंट्स को उनका रिजल्ट मिल सकेगा। बिना पेनाल्टी भरे उन्हें रिजल्ट नहीं दिया जाएगा। वहीं कुछ पेरेंट्स ने फाइनेशियल प्रॉब्लम की बात कहते हुए समय भी मांगा है।

जिस हॉस्टल में स्टूडेंट्स ने उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की थी वहां पर अब सुधार का काम करवाया जा रहा है, ताकि हॉस्टल वापस अपने पहले जैसे स्वरूप में आ सके। बता दे कि पिछले दिनों देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी डिपार्टमेंट के हॉस्टल में फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स ने जमकर उत्पात मचाया था।

हॉस्टल में अर्धनग्न होकर डांस किया था और हॉस्टल में तोड़फोड़ करते हुए हॉस्टल की संपत्ति को नुकसान भी पहुंचाया था। वीडियो वायरल होने के बाद प्रबंधन ने तुरंत एक्शन लेते हुए 17 स्टूडेंट्स को चिन्हित किया था और हॉस्टल खाली करवा लिया था।

### 15 जून के आसपास एग्जाम

इधर, बताया जा रहा है कि जिन स्टूडेंट्स को एग्जाम देने से रोका गया था। उनकी एग्जाम 15 जून के आसपास आयोजित की जा सकती है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है।

बताया जा रहा है कि कुछ पेरेंट्स ने फाइनेंशियल प्रॉब्लम की बात कहते हुए पेनाल्टी जमा कराने के लिए समय मांगा है। डायरेक्टर प्रतोष बंसल का कहना है कि पेनाल्टी जमा करने के बाद ही स्टूडेंट्स को रिजल्ट दिया जाएगा।

### मंडी शुल्क वृद्धि का विरोध

# किसानों और व्यापारियों दोनों पर पड़ेगा असर



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रदेश सरकार द्वारा कृषि उपज मंडियों में विक्रय होने वाली कृषि उपज पर मंडी शुल्क में 0.50% वृद्धि किए जाने के कैबिनेट निर्णय का व्यापारियों ने विरोध किया है। उनका कहना है कि इस फैसले का सीधा असर कृषि व्यापार और किसानों दोनों पर पड़ेगा।

मध्य प्रदेश सकल अनाज, दलहन एवं तिलहन व्यापारी महासंघ के अनुसार मंडी शुल्क बढ़ने से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने में भी कठिनाई आ सकती है। व्यापारियों का तर्क है कि अतिरिक्त शुल्क का भार अंतत: किसानों पर ही पड़ेगा, जिससे कृषि उपज की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होगी। व्यापारियों ने यह भी कहा कि देश के अधिकांश कृषि उत्पादक राज्यों में मंडी शुल्क 1% या उससे कम है। ऐसे में मध्य प्रदेश में शुल्क बढ़ने से यहां के व्यापारियों को अन्य राज्यों के व्यापारियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपालदास अग्रवाल ने सरकार से मांग की है कि मंडी शुल्क बढ़ाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और इसे वापस लिया जाए। उनका कहना है कि यह निर्णय कृषि व्यापार को प्रभावित करने के साथ-साथ किसानों के हितों पर भी प्रतिकूल असर डाल सकता है।

## गेल ने जिले में जिला प्रशासन के सहयोग से ऑफसाइट मॉक ड्रिल का आयोजन किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क पर संभावित आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का परीक्षण करने के उद्देश्य से गेल (इंडिया) लिमिटेड जगोटी इंदौर पीथमपुर पाइपलाइन विभाग ने जिला प्रशासन-इंदौर ,राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल और पारस्परिक सहायता भागीदारों के सहयोग से आज सीजीएस इंदौर मे मॉक ड्रिल का आयोजन किया। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने गैस रिसाव और उसकी रोकधाम, सड़क यातायात नियंत्रण, बचाव और हताहतों को स्वास्थ्य देखभाल केंद्र/अस्पताल में स्थानांतरित करने, आस-पास के क्षेत्र के निवासियों को सुरक्षित निकालने और राहत शिविरों में स्थानांतरित करने आदि को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया, ड्रिल के दौरान सभी टीम के सदस्यो का प्रभावी ढंग से समन्वय किया गया।

# इंदौर जिले में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की कार्यवाही तेजी से जारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर जिले में नगरीय निकायों और पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी सिलसिले में जिले में अब तक नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 2627 आवेदन प्राप्त हुए है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए अंतिम तिथि 15 जून है। यह जानकारी आज यहां सम्पन्न हुई स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में दी गई। बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में उपस्थित सदस्यों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में चल रही प्रक्रिया की जानकारी दी। बताया गया कि पुनरीक्षण का कार्य 15 जून तक चलेगा। इस दौरान कोई भी नागरिक अपना नाम नगरीय निकायों और पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। साथ ही नाम हटाने और संशोधन के लिए आवेदन दिया जा सकता है। बताया गया कि नगरीय निकायों के लिए अभी तक नाम जोड़ने के लिए 558 तथा पंचायतों के लिए 755 नाम हटाने के लिए नगरीय निकायों में 215 और पंचायतों में 986 तथा संशोधन के लिए नगरीय निकायों में 63 और पंचायतों में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए है।

## डीएवीवी में एमए, एमबीए और पीएचडी में प्रवेश प्रारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के स्कूल ऑफ ट्राइबल स्टडीज द्वारा जनजातीय समाज, संस्कृति, परंपराओं और विकास के विविध आयामों को समझने के लिए एक अभिनव शैक्षणिक पहल की गई है। विश्वविद्यालय में जनजातीय अध्ययन एवं जनजातीय विकास पर केंद्रित विशेष पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जनजातीय समुदायों के जीवन, ज्ञान परंपराओं, चुनौतियों और विकास की संभावनाओं से परिचित कराना है। स्कूल ऑफ ट्राइबल स्टडीज में एम.ए. (जनजातीय अध्ययन), एम.बी.ए. (जनजातीय विकास एवं प्रबंधन) तथा पीएचडी (जनजातीय अध्ययन) जैसे विशिष्ट कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को जनजातीय समाज के इतिहास, संस्कृति, जीवन-पद्धति, पारंपरिक ज्ञान, सामाजिक चुनौतियों तथा विकास संबंधी मुद्दों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, बुधवार 10 जून 2026

### न्यूज ब्रीफ

## परमात्मा का ऐश्वर्य ही सर्वोपरि : जगदगुरु चैतन्य महाराज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संसार के भौतिक साधनों में सुख-शांति नहीं मिलेगी क्योंकि संसार नश्वरवान है। परमात्मा का ऐश्वर्य ही सर्वोपरि होता है क्योंकि परमात्मा शाश्वत और सनातन होते हैं जिनका अस्तित्व कभी नष्ट नहीं हो सकता। धर्म के मार्ग पर चलने वाला कभी दुखी नहीं हो सकता हालाँकि उन्हें भी कई बार परीक्षाएं देना पड़ती है। भक्ति तभी सार्थक होगी जब उसमें समर्पण का भाव होगा। निष्काम भक्ति ही सर्वश्रेष्ठ होती है। बालक ध्रुव और प्रहलाद की भक्ति में कोई स्वार्थ का भाव नहीं था इसीलिए उन्हें परमात्मा की प्राप्ति होने में देर नहीं लगी। वृन्दावन के जगदगुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज ने मंगलवार को मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर पर माहेश्वरी समाज की अग्रणी संस्था मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल की मेजबानी में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र एवं वामन अवतार प्रसंगों की व्याख्या के दौरान उक्त आशीर्वचन व्यक्त किए। कथा में वामन अवतार का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया।

## इस बार महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस 18 जून को महज औपचारिक रूप से मनेगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संस्था यंग इंडिया क्लब की ओर से झाँसी की रानी महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला समारोह इस बार नगर निगम द्वारा जिंसी चौराहा से किला मैदान तक की जा रही तोड़फोड़ के कारण महज औपचारिक बनकर रह जाएगा। यंग इंडिया क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने बताया कि किला मैदान स्थित झाँसी की रानी के प्रतिमा स्थल पर गुरुवार 18 जून को प्रात: 9.30 बजे माल्यार्पण का कार्यक्रम रखा गया है जबकि प्रतिवर्ष होने वाले मानव श्रृंखला, देशभक्ति के तरानों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले राष्ट्रप्रेमी बंधुओं का सम्मान समारोह इस बार नहीं होगा। अग्रवाल ने क्लब से जुड़े सभी साथियों से 18 जून को सुबह महारानी लक्ष्मीबाई के प्रतिमा स्थल आकर उन्हें श्रद्धा सुमन समर्पित करने का आग्रह किया है।

## गीता भवन के प्रबंध न्यासी ब्रह्मलीन एन.एम. व्यास की 28वीं पुण्यतिथि पर कल पुष्पांजलि

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गीता भवन के प्रबंध न्यासी रहे एन.एम. व्यास की 28वीं पुण्यतिथि गुरुवार 11 जून को सुबह 10.15 बजे से गीता भवन सत्संग सभागृह में मनाई जाएगी। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी एवं मनोहर बाहेती ने बताया कि औरंगाबाद से आए संत ब्रह्मचारी साहेबराव महाराज शास्त्री के सानिध्य में गीता भवन ट्रस्ट मंडल के सदस्य एवं स्व. व्यासजी के स्नेहीजन सुबह सत्संग सभा के बाद उनके चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# बड़वाह, ओंकारेश्वर-खेड़ीघाट को मिलाकर बनेगा नया विकास प्राधिकरण

### सिंहस्थ के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति की छठवीं बैठक में फैसला

**भोपाल (एजेंसी)** ● प्रदेश में सिंहस्थ 2028 के लिए बनाई गई मंत्रिमंडलीय समिति ने ओंकारेश्वर में बड़वाह, ओंकारेश्वर और खेड़ी घाट क्षेत्र को मिलाकर नया विकास प्राधिकरण गठित करने को मंजूरी दे दी है। इससे खंडवा और खरगोन जिले के विकास कार्यों में तेजी आएगी। साथ ही समिति ने ओंकारेश्वर में हेलीपैड और अस्पताल बनाने को भी स्वीकृति दी है।

यह निर्माण कार्य किसी भी तरह की आपदा के दौरान सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सिंहस्थ 2028 के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति की छठवीं बैठक में लिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में सिंहस्थ के लिए 17 नए कार्यों को स्वीकृति दी गई। इनमें उज्जैन सहित ओंकारेश्वर के कार्य भी शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओंकारेश्वर में बड़ा अस्पताल बनाने और हेलीपैड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह निर्माण आपदा के स्थिति में विशेष रूप से सहायक होंगे। मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़वाह, ओंकारेश्वर, खेड़ी घाट क्षेत्र के आसपास होने वाले निर्माण कार्यों के लिए अलग से प्राधिकरण गठित किया जाए। इससे खंडवा-खरगोन जिलों में होने वाले कार्यों का बेहतर समन्वय सुनिश्चित होगा और विकास गतिविधियां समय से पूर्ण करने में मदद मिलेगी।



### घाटों का निर्माण चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओंकारेश्वर के लिए वैकल्पिक मार्ग विकसित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में शिप्रा नदी के साथ विकसित हो रहे घाटों का निर्माण चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। घाटों तक आने-जाने के मार्गों और पार्किंग व्यवस्था का निर्माण भी साथ-साथ किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा कि शिप्रा नदी पर बन रहे घाटों के पास मौजूद आश्रमों तथा गुरुकुलों को घाटों के प्रबंधन से जोड़ा जाए। इससे आश्रम और गुरुकुलों को मदद मिलेगी और सिंहस्थ के बाद भी घाटों का लंबे समय तक उपयोग हो सकेगा।

# पुरानी यादों से गुलजार हुआ मसीह कन्या विद्यालय परिसर

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● मसीही कन्या विद्यालय एवं डायोसिस इंग्लिश स्कूल के पूर्व छात्र-छात्राओं का भव्य मिलन समारोह विद्यालय परिसर में उत्साह और आत्मीयता के साथ आयोजित किया गया। समारोह में वर्ष 1960 से 2000 तक के विभिन्न बैचों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। वर्षों बाद पुराने साथियों के एक मंच पर मिलने से विद्यालय जीवन की यादें फिर से जीवंत हो उठीं और पूरा परिसर भावनात्मक माहौल से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेवरेंट जयवंत कटारा, सेक्रेटरी डायोसिस भोपाल, सुरेश कार्टन पास्टर, भाजपा नेता एवं विद्यालय के पूर्व छात्र पूर्व पार्षद परसराम वर्मा, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती विजय लक्ष्मी गौहर तथा अनिल गौहर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत रूपेश सिंह, अधिवक्ता प्रेमलाल वर्मा 'बब्बू', श्रीमती सुहासिनी सिंह, श्रीमती रजनी बाला राठौर, सीमा वर्मा, स्वप्निल सालोमन, सुरेश वर्मा, प्रीति सोलंकी और ओशीन फिलिप सहित अन्य पूर्व छात्र-छात्राओं ने किया। समारोह की शुरुआत विद्यालय के दिवंगत शिक्षकगण एवं पूर्व छात्र-छात्राओं को मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।

## बालाजी सेवार्थ की पहल पर आयोजित चार शिविरों में 1200 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान एवं संस्था मानवता की पहचान और छवि सोशल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से गत 6 जून से खजराना गणेश मंदिर परिसर से प्रारम्भ की गई रक्तदान शिविरों की श्रृंखला में अब तक 3 शिविर सम्पन्न हो चुके हैं जिनमें लगभग 1200 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर जरुरतमंदों की सेवा का पुण्य अर्जित किया है।

मंगलवार को फूटी कोठी चौराहा स्थित पुखराज पैलेस और इसके पूर्व सोमवार को खंडवा रोड स्थित चमेलीदेवी इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस पर भी बड़ी संख्या में युवाओं और छात्रों ने आकर रक्तदान किया। बुधवार 10 जून को यशवंत निवास रोड स्थित अग्रवाल हाउस पर सुबह 9 बजे से



अंतिम रक्तदान शिविर आयोजित होगा। वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल ने रक्तदाताओं को फलों का रस पिलाकर प्रमाण पत्र भेंट किए और उनके द्वारा किए गए रक्तदान को पीड़ित मानवता की सेवा की दिशा में अनुकरणीय योगदान बताया। शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने इस वर्ष भी समाजसेवी विनोद अग्रवाल के जन्मोत्सव पर गत 6 जून से शहर के चार प्रमुख स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया है। इस श्रृंखला में 6 और 7 जून को खजराना गणेश मंदिर पर दो दिवसीय शिविर का आयोजन संस्था मानवता की पहचान के सहयोग से किया गया जिसमें 821 दानदाताओं ने रक्तदान किए।

## लक्ष्य चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर के नए और सुसज्जित केंद्र का शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पिछले 22 वर्षों से लर्निंग डिसेबिलिटी, आटिज्म, ट्रेनिंग एवं थेरेपी के क्षेत्र में कार्यरत शीलनाथ कैंप स्थित लक्ष्य चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर के नए केंद्र का शुभारंभ विशेष बच्चों ने ही फीता काटकर किया। केंद्र की संचालक डॉ. माया बोहरा एवं उपसंचालक ईशा बार्डिया ने बताया कि इस अवसर पर विशेष बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों के सपनों की उड़ान और उनके विकास की कहानियां भी साझा की गई। अनेक अभिभावक तो यह बताते हुए भावुक हो उठे कि थेरेपी के बाद उनके बच्चों में किस तरह सकारात्मक बदलाव आए और वे अपनी मंजिल तक पहुँचने में कामयाब रहे। लक्ष्य चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर पिछले 2 दशकों से विशेष बच्चों के समग्र विकास के लिए स्पीच थेरेपी, ओक्युपेशनल थेरेपी, आटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से जुड़े बच्चों की शिक्षा, अभिभावक प्रशिक्षण, मूल्यांकन और लर्निंग डिसेबिलिटी के क्षेत्र में समर्पित भाव से काम कर रहा है । नए केंद्र का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक लाभ पहुँचाने और उन्हें बेहतर सुविधाएँ देना है।

## हसमुख जैन गांधी इंदौर को 'तीर्थ चक्रवर्ती ' सम्मान से सम्मानित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नगर के वरिष्ठ समाजसेवी हसमुख जैन गांधी बने 'तीर्थ चक्रवर्ती ', तीर्थ कमेटी ने किया सम्मानित । धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि शतकोत्तर रजत स्थापना वर्ष महोत्सव में 1 लाख रु. का पावन अंशदान* भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के 125वें वर्ष में मिला गौरव श्रमण संस्कृति के उत्कर्ष हेतु अविस्मरणीय संबल' - राष्ट्रीय अध्यक्ष

इंदौर/मुंबई, 6 जून 2026।* भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी* के 125वें वर्ष की ओर बढ़ते हुए शतकोत्तर रजत स्थापना वर्ष महोत्सव के पावन अवसर पर इंदौर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी श्री हसमुख जैन गांधी* को * 'तीर्थ चक्रवर्ती '* की उपाधि से सम्मानित किया गया है। भारत वर्षीय जैन समाज हर्षित जिन-शासन की प्रभावना एवं तीर्थ क्षेत्रों के संरक्षण* हेतु अनुकरणीय श्रद्धा एवं अगाध समर्पण के लिए कमेटी ने यह प्रशस्ति पत्र शाल श्रीफल सप्रेम भेंटकर किया सम्मानित श्री हसमुख जैन गांधी ने तीर्थ चक्रवर्ती* के रूप में एक लाख रुपये का पावन अंशदान देकर श्रमण संस्कृति के उत्कर्ष और जैन तीर्थों के गौरव को अक्षुण्ण रखने में अविस्मरणीय संबल सहयोग प्रदान किया है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन, राष्ट्रीय महामंत्री संतोष पेंढारी एवं चेयरमैन (शतकोत्तर रजत वर्ष) जवाहर लाल जैन* द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र में कहा गया - आपका यह पुण्योदय, आपकी धर्म-परायणता और आपकी उदारता संपूर्ण समाज के लिए एक प्रेरणापुंज है। हम भगवान महावीर से आपके एवं आपके परिजनों के सुखी, समृद्ध और निरंतर धर्ममय जीवन की मंगल कामना करते हैं। गांधी की इस उपलब्धि पर दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, डॉ अनुपम जैन टीके वेद, आजाद जी जैन, अशोक खासगीवाला सुशील पांड्या,मंयक जैन एवं श्रीमती पुष्पा कासलीवाल श्रीमती मुक्ता जैन आदि ने बधाई दी दद्दू ने बताया कि महोत्सव की अवधि भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी* का शतकोत्तर रजत स्थापना वर्ष महोत्सव 22 अक्टूबर 2026 से 22 अक्टूबर 2027* तक देशभर के विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों* पर मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक 125वें वर्ष* में तीर्थ संरक्षण* हेतु विशेष अभियान* चलाए जा रहे हैं।

## यूसीसी जिस दिन लागू होगी, शहर में करेंगे भव्य आतिशबाजी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का होगा नागरिक अभिनंदन - चैतन्य भारत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संस्था चैतन्य भारत ने राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के संकल्प का जोरदार स्वागत करते हुए ऐलान किया है कि जिस दिन प्रदेश में यूसीसी लागू हो जाएगी उस दिन शहर में भव्य आतिशबाजी कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नगर आगमन पर उनका नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। संस्था ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय को क्रांतिकारी और स्वागत योग्य बताया है।

चैतन्य भारत के अध्यक्ष सीताराम व्यास, संगठन प्रभारी विष्णु गोयल एवं स्वदेश राजोरिया ने बताया कि संस्था की आवश्यक बैठक में मुख्यमंत्री के इस संकल्प पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सर्वानुमति से निर्णय लिया गया कि यूसीसी लागू होने से उन लोगों की सोच में बदलाव आएगा जो अब तक धर्म विशेष के विशेषाधिकार के कारण अन्य समाज से अलग पहचान बनाकर राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित नहीं हो पा रहे थे। संगठन के सह-संयोजक कांतिभाई पटेल एवं महामंत्री मनीष बोहरा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा और डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार से एक देश एक कानून की प्रतीक्षा पूरा देश वर्षों से कर रहा है। अब डॉ. यादव ने ऐतिहासिक कदम उठाने के संकेत देकर देश के करोड़ों नागरिकों की भावनाओं का सम्मान किया है।

## 15 साल में 75 फैक्टियां महाराष्ट्र शिफ्ट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● मध्यप्रदेश के 75 कपास कारखाने जब महाराष्ट्र शिफ्ट हो गए, तब कहीं जाकर सरकार ने मंडी फीस की दर को घटाने का निर्णय लिया। मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक भोपाल हुई। बैठक में मंत्रि-परिषद ने कपास पर मंडी फीस की दर को 1% से घटाकर 0.5% करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे स्थानीय जिनिंग मिलों को मजबूती मिलेगी और रोजगार बढ़ेगा। किसान हित में सामान्य मंडी शुल्क को एक रुपए से बढ़ाकर एक रुपए 50 पैसे किया गया है। शुल्क के रूप में प्राप्त होने वाली 500 करोड़ रुपए की अनुमानित अतिरिक्त आय का उपयोग सीधे किसान सड़क निधि और कृषि अनुसंधान के विकास में किया जाएगा।

## अग्रवाल समाज की शीर्ष संस्था केन्द्रीय समिति के द्विवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अग्रवाल समाज की शीर्ष संस्था श्री अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के द्विवार्षिक चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल ने समिति की कार्यकारिणी बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार गोपालदास अग्रवाल को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं उनके सहयोगी चुनाव अधिकारी के रूप में अरविन्द अग्रवाल वेल्यूअर एवं मनीष खजांची को नियुक्त किया है, जिन्होंने संस्था से प्राप्त मतदाता सूची और आचार संहिता के अनुसार आगामी 26 जुलाई को मतदान कराने की तिथि तय की है। चुनाव राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर सम्पन्न होंगे। चुनाव में संस्था के संरक्षक, संस्थागत, आजीवन एवं वार्षिक सदस्य मतदान कर सकेंगे। समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी गोपालदास अग्रवाल ने बताया कि चुनाव में अध्यक्ष के एक पद, उपाध्यक्ष के एक महिला सहित दो पदों, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संयोजक, सहमंत्री एवं सहसंयोजक के एक-एक पद सहित आठ पदों पर एवं कार्यकारिणी में तीन महिलाओं सहित तेरह पदों पर चुनाव होंगे। चुनाव के लिए 23 जून को मतदाता सूची का प्रकाशन विधि संवद तिथि से किया जाएगा जो केन्द्रीय समिति के आंचल नगर स्थित हाईटेक कार्यालय के साथ ही निर्धारित अन्य स्थानों पर भी शाम 4 से 7 बजे तक उपलब्ध रहेगी। मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि वे उक्त स्थानों पर मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने नाम, पते आदि में यदि कोई त्रुटि हो तो उन्हें सुधरवा लें। चुनाव की विस्तृत प्रक्रिया जल्द ही घोषित की जाएगी। सदस्यों से आग्रह किया गया है कि वे समाज की गरिमा के अनुरूप इस चुनाव में अपनी भागीदारी निभाएं और शहर में एक आदर्श कायम करें। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान रविवार 26 जुलाई को होगा और उसी दिन मतगणना कर नतीजों की घोषणा कर दी जाएगी।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
**संपर्क:94250-64357,94245-83000**

# सम्पादकीय

## तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की आवाज है अलग होना, टीएमसी छोड़ने पर बागियों का दावा

सवाल है कि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत की स्थिति में भी क्या इन सांसदों और विधायकों के भीतर तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की ऐसी ही फिक्र होती। पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का जैसा रुख देखने में आ रहा है, उससे एक बार फिर यही साफ होता है कि देश की राजनीति में अब सुविधा और तात्कालिक लाभ की प्रवृत्ति तेजी से हावी होती जा रही है। इस क्रम में शुचिता, नैतिकता और सिद्धांतों की जगह सिकुड़ती जा रही है और कुछ नेताओं के लिए सत्ता का संरक्षण तथा उसकी सुविधा ज्यादा महत्त्वपूर्ण हो चुकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में अट्ठावन विधायकों ने तृणमूल कांग्रेस से अलग होने की घोषणा कर दी थी। अब पार्टी के बीस सांसदों ने भी बागी रुख अख्तियार करते हुए केंद्र में सत्तारूढ़ राजग का समर्थन करने का फैसला किया है। हालांकि अलग हुए विधायकों ने खुद को इन सांसदों से अलग बताया है, लेकिन इतना साफ है कि पश्चिम बंगाल में हार के बाद पार्टी पर ममता बनर्जी का नियंत्रण कमजोर हुआ है और सबको साथ या एकजुट रख पाना उनके लिए मुश्किल साबित हो रहा है। तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले विधायकों और सांसदों के अपने तर्क हैं और उनका कहना है कि वे पार्टी के भीतर तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की आवाज बुलंद कर रहे हैं। सवाल है कि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत की स्थिति में भी क्या इन सांसदों और विधायकों के भीतर तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की ऐसी ही फिक्र होती! लोकतंत्र के लिए इस तरह की चिंता तभी क्यों सामने दिखती है, जब चुनाव में किसी पार्टी की हार हो जाती है? यों देश के लोकतांत्रिक ढांचे में किसी नेता को यह अधिकार है कि एक पार्टी में शामिल होने या उससे अलग होने के बारे में वह खुद क्या तय करता है। इस लिहाज से देखें, तो तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले विधायकों और सांसदों के अलग-अलग समूहों का पार्टी से नाता तोड़ना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। मगर यही जब सत्ता के साथ जुड़े रहने की सुविधा से जुड़ जाता है, तो लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ-साथ कुछ सैद्धांतिक जिम्मेदारियों से जुड़े सवाल भी खड़े होते हैं। यह बेवजह नहीं है कि अलग होने वाले सांसदों को तृणमूल कांग्रेस की ओर से यह चुनौती दी गई है कि अगर उनके लिए सिद्धांत और नैतिकता की कोई अहमियत है, तो उन्हें इस्तीफा देकर फिर से चुनाव जीत कर आना चाहिए।

# राष्ट्र के उत्सव में मोहन भागवत ने आत्ममंथन का दीप जलाया

राजनीति में ऐसे क्षण विरले आते हैं, जब कोई वाक्य भाषण की सीमा लांघकर राष्ट्रीय विमर्श का दर्पण बन जाता है। दावों की ऊंचाई और हकीकत की जमीन के बीच खड़े भारत को नागपुर से एक सीधा संदेश मिला। रेशीमबाग में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि 'हमारी तैयारी अभी अधूरी है, यही हमें विश्वगुरु बनने से रोक रहा है'। यह कथन इसलिए महत्वपूर्ण नहीं कि इसे संघ प्रमुख ने कहा, बल्कि इसलिए कि यह उस दौर में आया है जब उपलब्धियों का उत्सव अक्सर आत्ममंथन की आवश्यकता को ढंक देता है। राष्ट्रों का उत्थान जयघोषों से नहीं, अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें दूर करने की क्षमता से होता है। भागवत ने दरअसल उस असुविधाजनक प्रश्न को सामने रख दिया, जिससे बचने की आदत राजनीति को भी है और समाज को भी—क्या हम वास्तव में उतने तैयार हैं, जितना हमारा दावा है? भारत आज केवल एक देश नहीं, बल्कि वैश्विक अपेक्षाओं का केंद्र बनता जा रहा है। पश्चिम आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, पश्चिम एशिया अस्थिरता की चपेट में है और वैश्विक व्यवस्था नए संतुलन की तलाश में भटक रही है। ऐसे दौर में भारत की सभ्यतागत चेतना, लोकतांत्रिक परंपरा और सांस्कृतिक विस्तार उसे अलग पहचान देते हैं। दुनिया भारतीय दृष्टि को सुनने को तैयार है, लेकिन वैश्विक मंच पर सम्मान केवल विचारों से नहीं, सामर्थ्य से मिलता है। इतिहास गवाह है कि नैतिक नेतृत्व उसी का स्वीकार किया जाता है, जिसके पास आर्थिक ताकत, तकनीकी श्रेष्ठता और मजबूत संस्थाएं हों। भागवत का संकेत स्पष्ट था—विश्वगुरु का स्थान घोषणा से नहीं, योग्यता और तैयारी से हासिल होता है। भारत की उपलब्धियां जितनी बड़ी हैं, उतने ही बड़े उसके सामने खड़े कुछ अनुत्तरित प्रश्न भी हैं। अंतरिक्ष मिशनों से लेकर डिजिटल परिवर्तन, वैश्विक कूटनीति से लेकर आधारभूत विकास तक देश ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इसके बावजूद गुणवत्तापूर्ण रोजगार, उत्कृष्ट शिक्षा, शोध की संस्कृति, न्यायिक दक्षता और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्र अभी और सुदृढ़ीकरण की मांग करते हैं। किसी राष्ट्र की परिपक्वता केवल उसकी सफलताओं से नहीं, बल्कि अपनी कमियों को देखने की क्षमता से भी मापी जाती है। आत्मप्रशंसा प्रगति को



धीमा करती है, जबकि आत्ममूल्यांकन उसे नई दिशा देता है। हमारे सार्वजनिक जीवन की विडंबना यह है कि गंभीर विमर्श भी जल्द ही राजनीतिक संघर्ष का औजार बन जाता है। भागवत के वक्तव्य के साथ भी यही हुआ। विपक्ष ने इसे सत्ता पर परोक्ष प्रश्नचिह्न बताया, तो समर्थकों ने इसे विकास की गति बढ़ाने का संदेश माना। दोनों पक्षों के अपने तर्क हैं, लेकिन इस शोर में मूल मुद्दा ओझल हो गया। विश्वगुरु बनने का लक्ष्य न किसी एक सरकार का एजेंडा है, न किसी दल की उपलब्धि। यह पीढ़ियों के पुरुषार्थ, मजबूत संस्थाओं और समाज की सामूहिक चेतना से साकार होने वाली लंबी राष्ट्रीय यात्रा है। इसे राजनीतिक लाभ-हानि की संकीर्ण कसौटी पर नहीं परखा जा सकता। भारत की असली कमी पूंजी या प्रतिभा की नहीं, राष्ट्रीय दृष्टि और अनुशासन की है। देश के पास विशाल युवा आधार, बड़ा बाजार, कुशल मानव संसाधन और ऐतिहासिक अवसर मौजूद हैं। चुनौती इन्हें संगठित राष्ट्रीय शक्ति में बदलने की है। विश्वविद्यालयों को ज्ञान-सृजन का केंद्र बनना होगा, उद्योगों को नवाचार का, राजनीति को दीर्घदृष्टि का और समाज को सहअस्तित्व का। यदि सामाजिक ध्रुवीकरण गहराता रहा, शिक्षा औसत स्तर पर अटकी रही और शोध उधार के विचारों पर टिका रहा, तो केवल ऊंची विकास दर भी भारत को वह वैश्विक प्रतिष्ठा नहीं दिला सकेगी जिसकी कल्पना की जाती है। विश्वगुरु होने का अर्थ उपदेश देना नहीं, बल्कि ऐसा राष्ट्रीय आचरण गढ़ना है जिसे दुनिया उदाहरण मानकर अपनाना चाहे।

भागवत के वक्तव्य का सबसे महत्वपूर्ण संदेश आत्मसंतोष के खतरे को लेकर है। इतिहास बताता है कि सभ्यताओं को बाहरी चुनौतियों से अधिक नुकसान भीतर पनपी आत्ममुग्धता पहुंचाती है। जिस क्षण कोई समाज स्वयं को पूर्ण और निर्विवाद मान लेता है, उसी क्षण उसकी प्रगति की गति मंद पड़ने लगती है। भारत के लिए यह आत्मप्रशंसा नहीं, आत्मसंस्कार का समय है। यह मान लेना कि अभी कई मंजिलें बाकी हैं, कमजोरी नहीं बल्कि परिपक्वता का प्रमाण है। अपनी कमियों को पहचानने वाले राष्ट्र उन्हें दूर करने का मार्ग भी खोज लेते हैं, जबकि उन्हें नजरअंदाज करने वाले अंततः उन्हीं सीमाओं में घिर जाते हैं।

संघ प्रमुख के बयान का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि इसमें उपलब्धियों पर प्रश्न नहीं, उन्हें टिकाऊ बनाने की चिंता दिखाई देती है। यह निराशा नहीं, दूरदृष्टि का स्वर है। यदि भारत वैश्विक व्यवस्था में प्रभावी नेतृत्व की आकांक्षा रखता है, तो उसे केवल आर्थिक शक्ति तक सीमित नहीं रहना होगा; ज्ञान, नवाचार और सामाजिक भरोसे में भी अग्रणी बनना पड़ेगा। विश्व नेतृत्व का आधार सामर्थ्य से बनता है, लेकिन उसकी स्वीकार्यता नैतिक विश्वसनीयता से तय होती है। भारत के पास दोनों हासिल करने की क्षमता है, शर्त केवल इतनी है कि वह दावों और धरातल के बीच मौजूद अंतर को ईमानदारी से पहचाने। इतिहास हर राष्ट्र को अवसर देता है, लेकिन नेतृत्व का अधिकार वही राष्ट्र अर्जित करते हैं जो अपनी आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने का सामर्थ्य रखते हैं। भागवत का वक्तव्य इसी सत्य की याद दिलाता है। भारत के पास गौरवशाली विरासत, व्यापक संभावनाएं और अपार शक्ति है। लेकिन इन्हें वैश्विक नेतृत्व में बदलने के लिए अभी लंबी तैयारी और निरंतर सुधार की आवश्यकता है। यह समय आत्मसंतोष का नहीं, आत्मनिर्माण का है। विश्वगुरु का स्थान नारों दावों या प्रतीकों से नहीं मिलता; उसे ज्ञान, सामर्थ्य, अनुशासन, नवाचार और उपलब्धियों की निरंतर साधना से अर्जित करना पड़ता है। भारत के सामने मंजिल स्पष्ट है, अब उसकी गति और तैयारी ही तय करेगी कि वह इतिहास में एक संभावना बनकर दर्ज होगा या एक उपलब्धि बनकर।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'** शिक्षाविद्
बड़वानी (मप्र)

# आधुनिकता की चमक में खोते संस्कार और बिखरते परिवार

*'धीरज, धर्म, मित्र अरु नारी।*
*आपतकाल परखिए चारी॥'*

रामचरितमानस की यह चौपाई आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी सदियों पहले थी। गोस्वामी तुलसीदास ने जीवन के चार महत्वपूर्ण आधार बताए हैं- धैर्य, धर्म, मित्र और जीवनसाथी। इनकी वास्तविक परीक्षा संकट के समय ही होती है। दुर्भाग्य से आज के समाज में सबसे अधिक कमी जिस गुण की दिखाई दे रही है, वह है धैर्य। हम अपने बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा दिलाने, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बनाने, तकनीकी रूप से दक्ष बनाने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। हम चाहते हैं कि वे अच्छे पैकेज प्राप्त करें, बड़ी कंपनियों में काम करें और समाज में प्रतिष्ठित हों लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में हम अक्सर उन्हें जीवन का सबसे महत्वपूर्ण संस्कार धैर्य, सहनशीलता और संबंधों को निभाने की कला सिखाना भूल जाते हैं, आज परिवार न्यायालयों में आने वाले अधिकांश वैवाहिक विवादों में एक बात समान दिखाई देती है वह है छोटी-छोटी बातों पर समझौते की कमी। नई पीढ़ी त्वरित परिणामों की आदी हो चुकी है। मोबाइल पर एक क्लिक में सुविधा मिलने वाली दुनिया में रिश्तों को समय देना, दूसरे की भावनाओं को समझना और परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बैठाना कठिन होता जा रहा है। परिणामस्वरूप विवाह जैसे पवित्र बंधन भी थोड़े से मतभेदों में टूटने लगे हैं। विवाह भारतीय संस्कृति में केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन माना गया है। यह एक सामाजिक और आध्यात्मिक संस्कार है, जिसका उद्देश्य केवल साथ रहना नहीं, बल्कि जीवन के सुख-दुःख में सहभागी बनना है। आज आधुनिकता की चमक-दमक में विवाह का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अनेक स्थानों पर विवाह एक सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजन से अधिक प्रदर्शन और मनोरंजन का माध्यम बनते जा रहे हैं।

डेस्टिनेशन वेडिंग, प्री-वेडिंग शूट, भव्य मंच और सोशल मीडिया पर दिखावे की होड़ ने विवाह की मूल भावना को पीछे धकेल दिया है। रिश्तेदारों की सक्रिय भागीदारी, पारंपरिक रीति-रिवाजों का महत्व और परिवारों के बीच आत्मीयता का भाव धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। जहां कभी विवाह परिवार और समाज को जोड़ने का माध्यम था, वहीं अब कई बार वह कुछ दिनों का आयोजन बनकर रह जाता है।यह कहना उचित नहीं होगा कि आधुनिकता ही सभी समस्याओं की जड़ है। समस्या आधुनिकता नहीं, बल्कि मूल्यों से दूरी की है। समय के साथ परंपराओं में परिवर्तन स्वाभाविक है, लेकिन यदि परिवर्तन के साथ धैर्य, सम्मान, त्याग और पारिवारिक जिम्मेदारियों की भावना भी कमजोर पड़ जाए, तो रिश्तों की नींव डगमगाने लगती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने बच्चों को केवल सफल पेशेवर बनने की शिक्षा न दें, बल्कि सफल जीवन जीने की शिक्षा भी दें। उन्हें यह समझाया जाए कि विवाह कोई अनुबंध नहीं, बल्कि विश्वास, समर्पण और धैर्य पर आधारित जीवन-यात्रा है। मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन हर मतभेद का समाधान अलगाव नहीं होता।

परिवार समाज की सबसे छोटी और सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। यदि परिवार मजबूत होंगे तो समाज भी मजबूत होगा। इसलिए हमें अपने घरों में फिर से संवाद, संस्कार और धैर्य की संस्कृति को स्थापित करना होगा। विवाह को दिखावे का मंच बनाने के बजाय उसे पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों का उत्सव बनाना होगा। रामायण की यह सीख आज भी हमारा मार्गदर्शन करती है कि संकट के समय धैर्य ही वह शक्ति है जो रिश्तों को टूटने से बचाती है। यदि हम आने वाली पीढ़ियों को यह एक संस्कार दे पाए, तो न केवल विवाह मजबूत होंगे बल्कि परिवारों की वह गरिमा भी बनी रहेगी जो भारतीय समाज की सबसे बड़ी पहचान रही है।

**-संदीप सिंह गहरवार,** विनायक फीचर्स

# आंचलिक

## तेंदूपत्ता संग्रहण पूरा, 1320 मानक बोरे जमा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● जिले के बाग और टांडा रेंज में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति ने इस सीजन का तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य पूरा कर लिया है। क्षेत्र के कुल 36 फड़ों पर 1320 मानक बोरा तेंदूपत्ता एकत्रित किया गया है। शासन के नियमानुसार संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 4000 रुपये की दर से भुगतान किया जाएगा, जो सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर होगा। संग्रहण कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों ने तेंदूपत्ता तोड़ने, गड्डियां बनाने और उन्हें अच्छी तरह सुखाने के बाद बोरों में भरकर गोदामों में सुरक्षित भेजने का काम शुरू कर दिया है। सरकार द्वारा निर्धारित 4000 रुपए प्रति मानक बोरा की लाभांश राशि इसी सप्ताह से संग्राहकों के खातों में जमा होनी शुरू हो जाएगी। हालांकि, इस बार शासन की ओर से फिलहाल किसी भी प्रकार के अतिरिक्त बोनस की घोषणा नहीं की गई है। बाग-टांडा समिति की प्रबंधक चंचल रावत ने बताया कि विभिन्न केंद्रों से लाखों गड्डियां जमा कर गोदामों में रखवाई जा रही हैं। वहीं, जीराबाद की लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक आसिफ खान ने बताया कि इस वर्ष मई के अंतिम सप्ताह में अचानक हुई बेमौसम बारिश के कारण तेंदूपत्ते की गुणवत्ता उतनी बेहतर नहीं रह पाई है, जितनी उम्मीद की जा रही थी। इसके बावजूद समितियों ने तत्परता दिखाते हुए संग्रहण कार्य को समय पर पूरा कर लिया है।

## ओंकारेश्वर में अधिकमास पर श्रद्धालुओं की भीड़

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● ओंकारेश्वर में अधिकमास के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार और रविवार को बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे, जिसके बाद सोमवार सुबह भी भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए लंबी कतारें देखी गईं। छह मंजिला रैंप के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ कोटितीर्थ घाट तक पहुंच गई। देश के विभिन्न राज्यों से आए भक्त भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन और मां नर्मदा में स्नान के लिए घंटों कतारों में खड़े रहे। मंदिर परिसर, रैंप मार्ग, घाटों और प्रमुख मार्गों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। अधिकमास के धार्मिक महत्व के चलते मध्य प्रदेश के साथ-साथ गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुंच रहे हैं। भक्तों का मानना है कि अधिकमास में भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन और नर्मदा स्नान से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से तीर्थ नगरी के बाजार, घाट और प्रमुख मार्ग गुलजार हो गए हैं। पूजा सामग्री, प्रसाद, होटल और नौका विहार से जुड़े व्यवसायों में भी अच्छी चहल-पहल देखी जा रही है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए हैं। सुरक्षा, बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है, ताकि दर्शन व्यवस्थित तरीके से हो सकें।

## ओंकारेश्वर में ब्लड डोनेट पर वीआईपी दर्शन, जिला प्रशासन की पहल, प्रतिदिन 50 श्रद्धालु कर रहे डोनेट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु अब आस्था के साथ मानव सेवा का भी संदेश दे रहे हैं। जिला प्रशासन की एक पहल के तहत, रक्तदान करने वाले श्रद्धालुओं को भगवान ओंकारेश्वर के निशुल्क शीघ्र (वीआईपी ) दर्शन की सुविधा मिल रही है। मंगलवार से इस व्यवस्था को श्रद्धालुओं से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है, और प्रतिदिन दर्जनों लोग रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं।

### एक यूनिट पर तीन लोग करेंगे दर्शन

शांति निकेतन वृद्ध आश्रम में स्थापित रक्तदान केंद्र पर श्रद्धालुओं का पहले स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है, जिसके बाद वे रक्तदान करते हैं। रक्तदान पूरा होने पर प्रशासन एक प्रमाण-पत्र जारी करता है और श्रद्धालु के मोबाइल पर शीघ्र दर्शन के लिए संदेश भेजा जाता है। इस संदेश के आधार पर एक रिस्ट बैंड जारी किया जाता है, जिससे रक्तदाता अपने साथ दो अन्य परिजनों सहित निशुल्क शीघ्र दर्शन कर सकते हैं। हरियाणा के रोहतक से आए श्रद्धालु प्रदीप कुमार ने बताया कि उनके समूह के तीन सदस्यों ने रक्तदान किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि तीर्थस्थल पर रक्तदान को बढ़ावा देने वाली यह व्यवस्था सराहनीय है। इससे



जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और श्रद्धालु भी समाजसेवा से जुड़ सकेंगे।

### सुविधा का लाभ ले रहे श्रद्धालु

सिविल अस्पताल ओंकारेश्वर के सेक्टर सुपरवाइजर टीसी खेरदे के अनुसार, प्रतिदिन लगभग 40 हजार श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुंचते हैं। इनमें से करीब 50 श्रद्धालु रक्तदान कर रहे हैं, और उनके साथ दो-दो परिजन भी शीघ्र दर्शन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रकार, प्रतिदिन लगभग 150 लोग इस विशेष सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। प्रशासन का मानना है कि यह पहल रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आस्था और मानव सेवा को जोड़ने का एक सफल प्रयास है।

## री-नीट परीक्षा से पहले व्यवस्थाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● 21 जून को होने वाली री-नीट परीक्षा से पहले मंगलवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता अजय डॉ. मनोहर सिंह ठाकुर और पार्षद ईश्वर सिंह ठाकुर ने कलेक्टर राजीव रंजन मीना को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि नीट परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण के बाद लाखों विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ रही है, जिससे छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ा है। धार जिले में भी 1700 से अधिक परीक्षार्थी इस री-नीट परीक्षा में शामिल होंगे। कांग्रेस नेताओं ने भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षा कक्षों में कूलर लगाने, विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने और प्रत्येक परीक्षा कक्ष में बड़ी घड़ी लगाने की मांग की। उन्होंने समय की जानकारी के लिए सायरन या घंटी की व्यवस्था करने का भी आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में परीक्षा केंद्रों को शांत वातावरण वाले परिसरों में स्थापित करने और परीक्षा अवधि के दौरान संबंधित क्षेत्र को साइलेंट जोन घोषित करने का आग्रह किया गया।

## खंडवा-बुरहानपुर हाईवे पर बस से भिड़ी आयशर गाड़ी, लहसुन से भरा ट्रक बेकाबू हुआ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● खंडवा-बुरहानपुर नेशनल हाईवे पर झिरी गांव के पास सोमवार को एक ट्रक ने यात्री बस को टक्कर मार दी। हादसे में बस के आगे के कांच टूट गए, एक हिस्से से वह पिचक गई। वहीं लहसुन के कट्टों से खचाखच भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। इधर, दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में कई यात्रियों को चोटें आई हैं, हालांकि घायलों की आधिकारिक संख्या की पुष्टि नहीं हो सकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के तुरंत बाद बस में बैठे यात्रियों में दहशत फैल गई। कई यात्री सीटों से उछल गए, जबकि कुछ को मामूली और कुछ को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। बाद में पुलिस और एंबुलेंस टीम ने घायलों को नजदीकी



अस्पतालों में भर्ती कराया। हादसे के बाद बस चालक और ट्रक चालक दोनों पक्ष दुर्घटना के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। एक पक्ष का दावा है कि सामने वाले ट्रक वाहन ने लापरवाही से वाहन चलाया, जबकि दूसरा पक्ष भी यही आरोप लगा रहा है। ऐसे में दुर्घटना के वास्तविक कारणों को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

**पुलिस ने शुरू की जांच**- घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। बाद में मामले को बुरहानपुर पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## मजदूर के घर 2 लाख की चोरी, खिड़की से घुसा चोर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● पदमनगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक मजदूर के घर करीब दो लाख रुपए की चोरी हो गई। दादाजी वार्ड के पटेल मोहल्ले में खुली खिड़की से घुसे चोर ने अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने के जेवर और 10 हजार रुपए नकद चुरा लिए। आहट सुनकर परिजन जाग गए और उन्होंने चोर को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह मौके से भागने में सफल रहा।

आरा मशीन पर मजदूरी करने वाले प्रदीप भीलाला ने बताया कि वह पाई-पाई जोड़कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से पत्नी के लिए सोने के दो पुराने इस्तेमाली मंगलसूत्र, पेंडल और कान के टॉप्स बनवाए थे। बदमाश इन जेवरों के साथ 10 हजार रुपए नकद ले गया। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग दो लाख रुपए है। पुलिस ने प्रदीप की पत्नी रेणु गौतम की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गर्मी और उमस से बचने के लिए परिवार ने रात में घर की खिड़की खुली रखी थी। इसी का फायदा उठाकर चोर खिड़की फांदकर अंदर घुसा और अलमारी का लॉकर तोड़ लिया। जेवर और नकदी निकालने के बाद वह बेडरूम में मोबाइल चुराने पहुंचा, तभी उसका पैर वहां रखे पानी के गिलास से टकरा गया। गिलास के जमीन पर गिरते ही दंपती की नींद खुल गई। उन्होंने काले रंग की टी-शर्ट पहने चोर को देखा, लेकिन वह दरवाजा खोलकर भाग निकला। पीड़ित रेणु ने अपनी परेशानी जाहिर करते हुए बताया, 'हमारे तीन बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और दो बेटियां हैं। छोटे बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं और अगले साल हमें अपनी बड़ी बेटी की शादी करनी थी। पूरा परिवार केवल पति की मजदूरी के भरोसे है।' उन्होंने कहा कि इस वारदात ने परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़कर सामान वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

## विश्व योगासन चैंपियनशिप-2026



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मदरलैंड हॉयर सेकेंडरी स्कूल, सुखलिया, इंदौर के कक्षा 12 वीं (बायो) के होनहार छात्र ने ना केवल मध्य प्रदेश का नाम बढ़ाया है,, बल्कि 40 देशों के सामने योगा करके गोल्ड मेडल प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया है,,विद्यालय परिवार आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

## रोहित-हार्दिक फिटनेस टेस्ट में पास, अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में दिखाएंगे दम





**बंगलुरु (एजेंसी)** ● भारत और अफगानिस्तान के बीच शनिवार से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज में रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या भी खेलेंगे हैं। दोनों ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। वे जल्द ही टीम के साथ जुड़ेंगे। हाल ही में हुए आईपीएल के दौरान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझ रहे थे। वहीं, हार्दिक पांड्या बैक स्पाज्म की वजह से परेशान थे। दोनों मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए चोटिल हुए थे। रोहित-हार्दिक को वनडे सीरीज के लिए सब्जेक्ट टू फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया था। अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने दोनों को फिटनेस क्लियरेंस दे दी है। आईपीएल 2026 के दौरान 12 अप्रैल को बंगलुरु के खिलाफ हैमस्ट्रिंग में परेशानी के बाद रोहित मैदान से बाहर चले गए। वह अगले पांच मैच नहीं खेले।

# रुतुराज का ये रिकार्ड शायद ही कोई तोड़ पाये




**मुंबई (एजेंसी)** ● आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की कप्तानी करने वाले बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ के नाम लिस्ट ए क्रिकेट में एक ऐसा विश्व रिकॉर्ड दर्ज है, जो न केवल असाधारण है बल्कि जिसे तोड़ पाना लगभग असंभव माना जाता है। साल 2022 में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए उत्तर प्रदेश के खिलाफ एक ही ओवर में लगातार सात छक्के लगाकर सभी को हैरान कर दिया था। इसी मैच में गायकवाड़ ने 220 रनों की धुआंधार पारी भी खेली थी, जिसने उनके इस ऐतिहासिक कारनामे को और भी यादगार बना दिया। यह अद्भुत घटना उत्तर प्रदेश के गेंदबाज शिवा सिंह के पारी के 49वें ओवर में घटी। गायकवाड़, जो उस समय तूफानी बल्लेबाजी कर रहे थे, ने उस ओवर की पहली छह गेंदों पर लगातार छह छक्के जड़े। इसके बाद, ओवर की अंतिम गेंद नो-बॉल करार दी गई, और गायकवाड़ ने उस फ्री-हिट का भी पूरा फायदा उठाते हुए उसे भी सीमा रेखा के पार भेज दिया। इस प्रकार, एक ही ओवर में उन्होंने सात छक्कों की मदद से कुल 43 रन बटोरे, जो लिस्ट ए क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाने का नया विश्व कीर्तिमान बन गया। यह एक ऐसा क्षण था जब विपक्षी गेंदबाज शिवा सिंह को अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हो रहा था कि एक बल्लेबाज एक ही ओवर में इस तरह से गेंद को मैदान के हर कोने में भेज सकता है।

क्रिकेट इतिहास में एक ओवर में छह छक्के लगाने का कारनामा कई बल्लेबाजों ने किया है, लेकिन सात छक्के लगाने वाले रुतुराज गायकवाड़ दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं। इस असाधारण उपलब्धि ने क्रिकेट पंडितों और प्रशंसकों को समान रूप से अचंभित कर दिया, और इसे गायकवाड़ की बल्लेबाजी क्षमता का एक बेजोड़ प्रमाण माना गया। उनकी 220 रनों की व्यक्तिगत पारी ने महाराष्ट्र को एक विशाल स्कोर तक पहुंचने में मदद की और मैच में निर्णायक भूमिका निभाई, जिससे यह रिकॉर्ड और भी अधिक चमक उठा।

# 'पेड्डी' में जान्हवी कपूर के किरदार की हो रही आलोचना



**मुंबई (एजेंसी)** ● फिल्म 'पेड्डी' में अभिनेत्री जान्हवी कपूर के किरदार और कुछ रोमांटिक सीन्स को लेकर जमकर आलोचना हो रही है। साउथ के सुपर स्टार राम चरण और जान्हवी कपूर की इस फिल्म 'पेड्डी' को रिलीज हुए दो दिन भी नहीं हुए और यह विवादों में घिर गई है। ऐसे में फिल्म के डायरेक्टर बुची बाबू सना ने इस विवाद पर सफाई देते हुए माफी मांग ली है। डायरेक्टर ने सोशल मीडिया प्लटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि सिनेमा का काम दर्शकों का मनोरंजन करना, उन्हें प्रेरित करना और उनसे जुड़ना है। इससे किसी को असहज या बेइज्जती महसूस नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमने 'पेड्डी' के कुछ सीन्स के बारे में फीडबैक सुना है और इसे गंभीरता से लिया है।' बुची बाबू सना ने आगे लिखा, 'हमारे मन में महिलाओं के प्रति हमेशा सम्मान रहा है, चाहे स्क्रीन पर हो या ऑफ स्क्रीन। हमारा कभी भी किसी महिला किरदार को ऑब्जेक्टिफाई करने या उनकी बेइज्जती करने का इरादा नहीं था। अगर फिल्म के किसी हिस्से से ऐसा लगा है, तो हम उन भावनाओं का सम्मान करते हैं और ईमानदारी से माफी मांगते हैं।

## सोनाली बेंद्रे की आगामी सीरीज़ 'राख' पर साझा किया अपना अनुभव

**मुंबई (एजेंसी)** ● सीरीज़ 'राख' की कहानी एक रोमांचक जांच की पृष्ठभूमि में आगे बढ़ती है, वहीं यह सीरीज़ उन लोगों के जीवन पर आधारित है जिनकी ज़िंदगी इस घटना के बाद हमेशा के लिए बदल जाती है। दर्शकों के सामने एक भावनात्मक और रहस्यमयी कहानी पेश करने जा रही इस सीरीज़ की सबसे बड़ी ताकत इसके दमदार कलाकारों का अभिनय है। इनमें सोनाली बेंद्रे भी शामिल हैं, जो इस सीरीज़ में एक ऐसे किरदार को निभा रही हैं, जिसकी ज़िंदगी एक दुखद घटना के बाद शोक, दर्द और हिम्मत से गुजरती है। सोनाली के लिए 'राख' का हिस्सा बनना भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण किरदारों की दुनिया में वापसी जैसा था, जो उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संतोषजनक अनुभव साबित हुआ।



## उज्जैन संभाग

## मोदी सरकार के 12 साल-महाकाल मंदिर में होंगे 108 जाप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाएंगे। इसी दिन केंद्र में उनकी सरकार के 12 वर्ष भी पूर्ण होंगे। प्रधानमंत्री की दीर्घायु एवं राष्ट्र की समृद्धि की कामना को लेकर उज्जैन नगर भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता महाकाल मंदिर में विशेष अनुष्ठान एवं पूजन करेंगे। भाजपा नेताओं के अनुसार, केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु के साथ-साथ देश की उन्नति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की जाएगी। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल और जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की नगर इकाई द्वारा बुधवार सुबह 11 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान एवं 108 जाप का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री की दीर्घायु तथा राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की जाएगी। जाटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, राष्ट्रीय सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

# पुलिस ने 70 से अधिक ड्रग्स तस्कर किए गिरफ्तार, इस साल 2 करोड़ से ज्यादा का नशीला पदार्थ जब्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● पुलिस ने मंगलवार को ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध कार से 1 किलो 15 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की, जिसकी बाजार कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि देर रात गश्त के दौरान गरोठ रोड ब्रिज के नीचे सर्विस रोड पर एक स्विफ्ट डिजायर कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली। पुलिस टीम के पास पहुंचते ही कार में बैठे दो युवक भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी में कार से एमडी ड्रग्स बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नागपुर निवासी पंकज पिता श्यामराव चरडे (34 वर्ष) और बिहार निवासी अमित तिवारी (20 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं।



प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ड्रग्स की यह खेप मंदसौर क्षेत्र से लेकर आए थे और इसे नागपुर में सप्लाई करने की योजना थी। पुलिस अब ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले सप्लायर और नागपुर के खरीदारों की तलाश में जुट गई है। पूरे गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए जांच जारी है। उज्जैन पुलिस का नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इस साल अब तक 70 से अधिक ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें कई अंतरराज्यीय तस्कर और बड़े नेटवर्क से जुड़े आरोपी शामिल हैं। पुलिस ने आठ चिन्हित बड़े तस्करों को भी जेल भेजा है। इस अवधि में पुलिस ने करीब 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं।

### पहले भी दबिश देकर जब्त की थी

इससे पहले भी उज्जैन पुलिस ने एमडी ड्रग्स निर्माण से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया था। तब एक फैक्ट्री पर दबिश देकर 75 किलो एमडी ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाला पाउडर बरामद किया गया था। इस कार्रवाई को प्रदेश में नशे के कारोबार के खिलाफ सबसे बड़ी सफलताओं में से एक माना गया था। हालिया कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

# शहर से बाहर होगी मांस-मछली की दुकानें, एमआईसी में आज आएगा प्रस्ताव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● पवित्र नगरी उज्जैन में शराबबंदी के बाद अब मांस-मटन और मछली की दुकानों को भी शहर से बाहर करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में नगर निगम की बुधवार को होने वाली एमआईसी बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रस्ताव पर मुहर लगते ही नगर निगम सीमा के भीतर संचालित सभी मांस-मटन और मछली की दुकानों को बाहर शिफ्ट किया जाएगा। गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2025 से उज्जैन सहित प्रदेश के धार्मिक शहरों में शराबबंदी लागू की गई थी। इसके बाद से ही शहर में मांस-मटन और मछली की दुकानों को लेकर भी लगातार मांग उठ रही थी। हाल ही में वाराणसी में ऐसी दुकानों को शहर से बाहर करने के आदेश के बाद अब उज्जैन में भी इसी दिशा में पहल तेज हो गई है।

### कमिश्नर कर रहे प्रस्ताव तैयार

महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि उज्जैन एक पवित्र नगरी है। जब यहां शराबबंदी लागू हो सकती है तो मास-मटन और मछली की दुकानें भी शहरी सीमा से बाहर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम कमिश्नर को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

महापौर के मुताबिक प्रस्ताव में नगर निगम सीमा के बाहर मास-मटन और मछली की दुकानें संचालित करने का प्रावधान रखा गया है। यह प्रस्ताव बुधवार को होने वाली एमआईसी बैठक में रखा जाएगा। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## रसोइया महिलाओं ने मानदेय से वसूली के लगाए आरोप, चार हजार मिलने पर एक हजार मांगने का दावा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** ● देवास में मंगलवार को जिलेभर की रसोइया और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महिलाओं ने सुपरवाइजर पर आरोप लगाया कि उनके मानदेय में से भी पैसे मांगे जाते हैं। महिलाओं ने बताया कि वे वर्षों से मध्याह्न भोजन और चूल्हा संचालन का कार्य कर रही हैं। उन्हें समय पर भुगतान न होने और कुछ स्थानों पर हटाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ गया है। महिलाओं के अनुसार, उन्हें हर माह लगभग चार हजार रुपए मानदेय मिलता है, जिसमें से एक हजार रुपए की मांग की जाती है। कृष्णाबाई नामक एक रसोइया ने कहा, 'हमें चार हजार रुपए मिलते हैं, उसमें से भी एक हजार रुपए मांगते हैं। हम अपने परिवार का खर्च कैसे चलाएं?' गंगाबाई मौरे और अन्य महिलाओं ने भी इन आरोपों का समर्थन किया। महिलाओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग पर मनमानी और उनकी समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। जिले में लगभग चार हजार रसोइया कार्यरत हैं, जो लंबे समय से भुगतान, रोजगार सुरक्षा और सम्मानजनक व्यवहार की मांग कर रही हैं। रसोइया महिलाओं ने कलेक्टर से इस पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और उनकी लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने की अपील की।

## उज्जैन में छह माह के भीतर शुरू होगा आईआरसीटीसी का सेंटर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● प इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) का उज्जैन रेलवे स्टेशन पर भी सेंटर शुरू होगा, जिसका लाभ उज्जैन आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को मिल सकेगा।

आईआरसीटीसी के एक्जीक्यूटिव (टूरिज्म) राहुल होलकर ने बताया वर्तमान में आईआरसीटीसी के जबलपुर, भोपाल, इंदौर और भोपाल रेलवे स्टेशनों पर कार्यालय हैं। सिंहस्थ-2028 और उज्जैन में लगातार बढ़ती यात्रियों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन रेलवे स्टेशन पर भी आईआरसीटीसी का सेंटर शुरू किया जाएगा, जो टूरिज्म फेसेलिटी सेंटर (टीएफसी) की तरह होगा। छह माह में उज्जैन में आईआरसीटीसी का सेंटर शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।

होलकर ने बताया आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 11 जुलाई को रीवा शहर से 5 ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारकाधीश मंदिर एवं एलोरा यात्रा के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, शुजालपुर और उज्जैन स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहां से यात्री इस ट्रेन में सवार हो सकेंगे। 10 रातें और 11 दिनों की इस यात्रा में द्वारका, सोमनाथ, भीमाशंकर, त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर और एलोरा के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

**14 जून को दोपहर 12.19 बजे शुरु होकर सोमवार सुबह 8.23 बजे तक ही रहेगी, दान-पुण्य का महत्व**

# अधिकमास में सोमवती अमावस्या 15 को, अक्षय पुण्य का अवसर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • आगामी 15 जून को ज्येष्ठ अधिकमास की सोमवती अमावस्या का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन स्नान-दान, पितृ तर्पण, शिव-विष्णु पूजा व पीपल पूजा से अक्षय पुण्य, और पितृ कृपा की प्राप्ति होती है। यह संयोग करीब तीन साल बाद देखने को मिल रहा है। अधिकमास भगवान विष्णु को समर्पित है, जबकि अमावस्या पितरों की शांति और दान-पुण्य का महत्व रखती है। ऐसे में सोमवती अमावस्या और अधिकमास का एक साथ आना बेहद शुभमाना जा रहा है।

ज्योतिषियों के अनुसार ज्येष्ठ अधिकमास अमावस्या 14 जून को दोपहर 12.19 बजे शुरू होगी और 15 जून को सुबह 8.23 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के आधार पर 15 जून को ही सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी। सोमवती अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान, भगवान शिव और विष्णु की पूजा, पीपल वृक्ष की परिक्रमा, तर्पण तथा दान-पुण्य करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। महिलाएं सोमवती अमावस्या के दिन पति की लंबी आयु के लिए जहां व्रत रखती हैं, वहीं पितृ दोष निवारण के लिए भी दिन अत्यंत शुभ माना गया है। इस अमावस्या पर किए गए दान-पुण्य और तीर्थ स्नान से अक्षय पुण्य मिलता है, मन शांत होता है और नकारात्मक विचार दूर होते हैं।

सोमवती अमावस्या पर पितृ तर्पण का महत्वः गरुड़ पुराण में बताया गया है कि सोमवती अमावस्या पर पितरों का तर्पण करना बहुत शुभ होता है, इस दिन पितरों को तर्पण करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। यदि किसी नदी में स्नान करने नहीं जा पा रहे हैं तो घर पर पानी में गंगाजल मिलाएं और तीर्थों का ध्यान करते हुए स्नान करें। इसके बाद जरूरतमंद लोगों को अनाज और गोशाला में धन, हरी घास का दान करें। पितरों के लिए धूप-ध्यान करें, घर में दोपहर करीब 12 बजे गाय के गोबर से बने कंडे जलाएं और उसके अंगारों पर गुड़-घी डालकर पितरों का ध्यान करें। हथेली में जल लें और अंगूठे की ओर से पितरों को अर्घ्य अर्पित करें। किसी शिव मंदिर में दीपक जलाएं, शिवलिंग पर जल चढ़ाते हुए। नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ करें।



### जानिए... अमावस्या का ज्योतिषीय महत्व

अमावस्या पर दिन सूर्य और चंद्रमा एक ही राशि में होते हैं, जहां सूर्य आग्नेय तत्व को दर्शाता है तो वहीं चंद्रमा शीतलता का प्रतीक है। सूर्य के प्रभाव में आकर चंद्रमा का प्रभाव शून्य हो जाता है, इसलिए मन को एकाग्रचित करने का यह कारगर दिन होता है, इसलिए अमावस्या का दिन आध्यात्मिक चिंतन के लिए श्रेष्ठ होता है। अमावस्या को जन्म लेने वाले की कुंडली में चंद्र दोष होता है।

### स्नान कर सूर्य को प्रदान करें अर्घ्य

पदमपुराण के अनुसार पूजा, तपस्या, यज्ञ आदि से भी श्री हरि को उतनी प्रसन्नता नहीं होती, जितनी कि प्रात : स्नान कर जगत को प्रकाश देने वाले भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से होती है। इसलिए पूर्व जन्म और इस जन्म के सभी पापों से मुक्ति और भगवान सूर्य नारायण की कृपा प्राप्त करने के लिए प्रत्येक मनुष्य को नियमित सूर्य मंत्र का उच्चारण करते हुए सूर्य को अर्घ्य अवश्य प्रदान करना चाहिए। इस दिन अन्न, दूध, फल, चावल, तिल और आवले का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

### 3 साल बाद महासंयोग

पुरुषोत्तम मास में सोमवती अमावस्या अत्यंत दुर्लभ संयोग माना जाता है। लगभग तीन वर्ष में एक बार ऐसा अवसर बनता है, जब अधिकमास की अमावस्या सोमवार के दिन आती है। धार्मिक दृष्टि से यह संयोग बहुत शुभ और फलदायी माना जाता है।

## ई-अटेंडेंस नहीं-वेतन नहीं, वेतन दिया तो प्राचार्यों पर गिरेगी गाज




### कमिश्नर ने सभी डीईओ-बीईओ को आदेश जारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • प्रदेश में ई-अटेंडेंस के आधार पर ही हर शिक्षक का वेतन आहरण होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसके लिए प्राचार्यों को उत्तरदायी माना जाएगा। उन्हें बड़ी कार्यवाही भी झेलना पड़ेगी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने मंगलवार को सख्त आदेश जारी किए हैं। इस आदेश की प्रति सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से लेकर बीईओ और संकुल प्राचार्यों को भेजी गई है। संचालनालय कमिश्नर अभिषेक सिंह द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया कि एज्युकेशन पोर्टल 3.0 पर शिक्षकों की सुविधा हेतु हमारे शिक्षक एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज किए जाने के निर्देश जारी किए गए थे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधीनस्थ सभी शालाओं के प्राचार्य शिक्षक एवं समस्त अमला ई-अटेंडेंस लगाये। शाला संकुल प्राचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि ई-अटेंडेंस के आधार पर वेतन आहरण देयक तैयार कर आहरण अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी की ओर आहरण हेतु प्रेषित किया जाये। बिना ई-अटेंडेंस वेतन आहरण के लिए संकुल प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। जिन शिक्षकों द्वारा जिस भी तिथि की ई-अटेंडेंस नहीं लगाई जाती है। उन शिक्षकों को उस दिन अनुपस्थित मानकर संबंधित दिनांक का वेतन आहरण न किया जाये।

### कई जगहों से टीचरों ने ही की खामियों की शिकायतें

डीपीआई में अधिकारियों के अनुसार ई-अटेंडेंस व्यवस्था में कई जगहों से खामियों की शिकायत थीं। संचालनालय के पास जो जानकारी आई। उसके अनुसार अनेक शालाओं में शिक्षक ई-अटेंडेंस नहीं लगा रहे और उनका वेतन आहरण होता रहा है। टीचरों ने ही शिकायतें की कि कई शिक्षक विलंब से स्कूल पहुंच रहे हैं। वह मौके पर ई-अटेंडेंस नहीं लगा रहे हैं। कई शिक्षक दूसरी जगहों पर नियम विरुद्ध अटैच हैं। स्कूल जा नहीं रहे। फिर इनका वेतन कैसे निकल रहा है। इसकी पूरी सूक्ष्मता से पड़ताल करने के बाद जो प्रमाण सामने आये। उसके आधार पर ही संचालनालय की सख्ती सामने आई है।

## जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्रः झोन पर शिफ्ट करने से बिगड़ेगी व्यवस्था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नगर निगम में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र तथा विवाह पंजीयन के लिए मुख्यालय स्थित कार्यालय में व्यवस्था है और यहां निगरानी करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी है जिसके चलते सभी कार्य सहज तरीके से चल रहे हैं, लेकिन इसे झोन स्तर पर करके अब यह व्यवस्था बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। नगर निगम से जारी किए जाने वाले सभी जन्म अथवा मृत्यु प्रमाण पत्र पर रजिस्ट्रार के सील और हस्ताक्षर कर जारी किए जाते हैं। इंदौर नगर के लिए प्रमाण पत्र जारी करने के लिए एक ही जिम्मेदार अधिकारी है और उनके हस्ताक्षर में मुद्रा के लिए प्रमाण पत्र को उनके पास भेजना पड़ेगा। झोन वार व्यवस्था होने से रजिस्ट्रार किस झोन पर उपलब्ध रहेंगे। वैसे भी सभी 22 झोन पर व्यवस्थाएं अच्छी नहीं है। वर्तमान में भी लोग संबंधित झोन पर भटकने के बाद मुख्यालय आते हैं, ऐसे में पूरी व्यवस्था झोन पर शिफ्ट कर देने से आमजन के लिए समस्या बढ़ जाएगी।



**सभी को देना पड़ेगा आईडी- पासवर्ड**-प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पंजीयक (रजिस्ट्रार) जिम्मेदार है, लेकिन जब यह व्यवस्था सभी झोन पर अलग-अलग हो जाएगी तब पंजीयक की पद सील और हस्ताक्षर के लिए सभी झोन को इसकी सुविधा देना होगी, ऐसी स्थिति में गड़बड़ी होने पर जिम्मेदार कौन होगा। कुल मिलाकर एक बार फिर से इस निर्णय पर मंथन की जरूरत है।

## कबड्डी टूर्नामेंट विवाद में युवक से मारपीट, वीडियो वायरल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर के चिमनबाग कबड्डी ग्राउंड पर आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रतियोगिता से एक टीम को बाहर किए जाने से नाराज दो युवकों ने आयोजन समिति से जुड़े युवक के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एमजी रोड थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी यश टिकलिया (21) निवासी आदर्श बिजासन नगर परदेशीपुरा ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने साथियों अनिकेत बांगर और ऋषभ मेहरा के साथ 9 जून रात करीब 12:15 बजे चिमनबाग कबड्डी ग्राउंड पर मौजूद था। इसी दौरान मयंक गौड़ और रोहन मेहरा वहां पहुंचे और संस्था वैष्णवी की टीम को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने का कारण पूछने लगे। शिकायत के अनुसार इस बात को लेकर दोनों युवकों ने यश के साथ अभद्र भाषा में बात करना शुरू कर दिया। जब यश ने विरोध किया तो आरोपी और आक्रोशित हो गए तथा उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया। घटना के बाद पीड़ित युवक ने एमजी रोड थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मयंक गौड़ और रोहन मेहरा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296(बी), 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

## खजराना मंदिर के पुजारी ने दान के पैसों में की हेराफेरी

### पत्नी ने लगाई जनसुनवाई में गुहार



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • खजराना गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी पुनीत भट्ट पर उनकी पत्नी डॉ. इंद्रा भट्टा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। अब मामला कलेक्टर तक पहुंचा है। मंगलवार जनसुनवाई में पत्नी ने पुजारी पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। देश और मप्र में प्रसिद्ध और आस्था के प्रतीक खजराना गणेश मंदिर में मुख्य पुजारी पुनीत भट्ट पर गंभीर आरोप लगे हैं। पत्नी डॉ. इंद्रा भट्ट ने दहेज प्रताड़ना को लेकर पहले भी उन पर केस कराया हुआ है। वहीं घरेलू हिंसा के भी आरोप लगाते हुए पुलिस में आवेदन दिया हुआ। अब इन्हीं आरोपों के बाद पत्नी ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर से पति पुनीत भट्ट की शिकायत की और मंदिर से हटाने की मांग की।

पत्नी ने आरोप लगाया कि पति ने उन्हें 6 माह पहले घर से निकाल दिया। उन पर मैंने अप्रैल माह में केस कराया था। इस केस को प्रभावित करने की वह कोशिश कर रहे हैं। वे खुलकर कहते हैं कि मंदिर के कारण मेरे सभी सरकारी अधिकारियों से संपर्क है। मेरा एक्सीडेंट कराने और डराने की भी कोशिश कर रहे हैं। डॉ. इंद्रा भट्ट ने शिकायत में बताया कि उनका विवाह मई 2025 में पुजारी पुनीत भट्ट से हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग, मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की गई। उनकी शिकायत पर महिला थाना इंदौर ने अप्रैल 2026 में पुनीत, प्रतिमा नागर, नवीन नागर, उदित भट्ट, कुमकुम भट्ट, सुमित भट्ट और विनीत भट्ट के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया था।

### दान की राशि में लाखों की हेराफेरी

पत्नी ने कहा कि मंदिर एक्ट के तहत है कि यदि किसी पर एफआईआर हो तो उन्हें निलंबित किया जाता है। कलेक्टर से मैंने उन्हें निलंबित करने की मांग की है। साथ ही बताया है कि मंदिर में दान की राशि में हेराफेरी होती है। मेरे पति भी मंदिर जाते थे और लाखों रुपए लेकर आते थे। मैंने कई बार उन्हें समझाया जो शासकीय वेतन मिल रहा है पर्याप्त है, लेकिन वह नहीं माने। कहते हैं कि सभी सरकारी अधिकारी पहचान के हैं, कोई हमारा बिगाड़ नहीं सकता।

### मई में 4750 स्थानों पर सोलर लगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र मे मई माह के दौरान 4750 स्थानों पर सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं, इनमें से 4700 पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत लगे है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में इंदौर शहर में 1400, इंदौर ग्रामीण में करीब 400, उज्जैन जिले में 600, देवास जिले में 328, रतलाम जिले में 1051 स्थानों पर पैनल्स लगी हैं। अन्य जिलों में भी 200 से 800 स्थानों पर पैनल्स स्थापित की गई है।

### शहर में ट्रांसफार्मर के ढक्कन लगाने का अभियान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर में ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त ढक्कनों को टीक करने का अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक जोन क्षेत्र में वितरण ट्रांसफार्मरों की ढक्कन नए लगाने या ठीक करने का कार्य किया जा रहा है। शहर अधीक्षण यंत्री मनेंद्र गर्ग ने बताया कि लोक सुरक्षा के मद्जेनजर यह कार्य सतत रूप से संचालित होगा।

## हाईटेंशन लाइन के खतरे के बीच चोइथराम मंडी में हो सकता है बड़ा हादसा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • चोइथराम सब्जी मंडी इन दिनों बुनियादी अव्यवस्थाओं और बड़े हादसों के मुहाने पर खड़ी है।

मंडी प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते यहां व्यापार करने वाले व्यापारियों दूर-दराज से आने वाले किसानों और दिन-रात मेहनत करने वाले हम्मालों की जान दांव पर लगी है। मंडी परिसर में करोड़ों की लागत से विशाल डोम बनाए गए थे। एक डोम के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन हर पल मौत को आमंत्रण दे रही है। मंडी की दुकान नंबर 152 के ठीक ऊपर से हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजर रही है। मंडी प्रशासन ने इसके बेहद करीब एक विशाल डोम का निर्माण तो करा दिया, लेकिन सुरक्षा मानकों को पूरी तरह ताक पर रख दिया। स्थिति यह है कि यह हाईटेंशन लाइन डोम के लोहे के ढांचे से टकराती है। हल्की हवा चलते ही यहां जोरदार स्पार्किंग (चिंगारियां) होने लगती हैं। बारिश के मौसम में पूरे डोम में करंट फैलने का खतरा चौबीसों घंटे बना रहता है। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि शिकायत करने पर मंडी प्रबंधन सिर्फ एक बांस लगाकर तार को दूर करने की खानापूर्ति कर देता है, जो तेज हवाओं में पूरी तरह नाकाम साबित होती है। मंडी परिसर में करीब 16 करोड़ रुपए की भारी-भरकम लागत से दर्जनभर से ज्यादा डोम और शेड तैयार किए गए थे। वर्तमान में यहां 22 डोम और आधा दर्जन से अधिक टीनशेड हैं, लेकिन करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाने के बाद भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद घटिया है। पहली ही बारिश में दुकानों की छतें रिसने लगती हैं और पनाले (वाटर ड्रेनेज पाइप) न होने के कारण पूरी मंडी कीचड़ हो जाता है। दुर्गंध की परेशानी भी यहां आम बात है। करोड़ों खर्च होने के बाद भी हर साल किसानों का माल भीगकर बर्बाद हो रहा है। सुरक्षा के मोर्चे पर भी मंडी भगवान भरोसे है। रात ढलते ही मंडी परिसर में असामाजिक तत्वों का बोलबाला हो जाता है।




## ईएसबी की जेल प्रहरी परीक्षा यूं ही नहीं हुई थी रद्द

### गोपनीयता पर था खतरा, एप्टेक का देशभर में दागी रिकार्ड

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने सात जून को जेल प्रहरी, वन रक्षक, क्षेत्ररक्षक व सहायक जेल अधीक्षक की दोपहर की परीक्षा स्थगित कर दी। बताया गया कि सर्वर में तकनीकी समस्या के चलते यह स्थगित गई। इसमें मेन मुद्दा यह है कि परीक्षा की गोपनीयता पर ही खतरा आ गया था। ईएसबी की एक और परीक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। हाल ही के समय में मंडल की एक के बाद एक हो रही ऑनलाइन परीक्षा में धांधलियां खुलकर सामने आ रही है। पहली बार मामला पटवारी भर्ती के समय जून 2023 में खुलकर आया था। इसके बाद सिपाही भर्ती, आबकारी आरक्षक, पूर्व की जेल प्रहरी भर्ती और अब नई जेल प्रहरी, वनरक्षक भर्ती में कांड हुआ है। सात जून को जो जेल प्रहरी, वन रक्षक, क्षेत्ररक्षक, सहायक जेल अधीक्षक की परीक्षा रद्द हुई, इसकी वजह बड़ी आशंका थी। यह आनलाइन परीक्षा एप्टेक कंपनी द्वारा कराई गई थी।




**परीक्षा की गोपनीयता भंग होने का था खतरा**-सात जून को मप्र के सभी केंद्रों पर दोपहर की पाली की परीक्षा एक साथ रद्द की गई। इसमें हजारों अभ्यर्थी प्रभावित हुए। इसके बाद यह परीक्षा 20 जून को फिर से कराने की सूचना ईएसबी ने जारी कर दी। रद्द होने का औपचारिक कारण तकनीकी समस्या बताई गई। लेकिन द सूत्र को मिली जानकारी के अनुसार मामला गंभीर था और इसमें परीक्षा की गोपनीयता को लेकर खतरा था।

इसकी जानकारी जब उच्च स्तर पर पहुंची तो तय किया गया कि इसे रद्द किया जाए। इसलिए पहले उम्मीदवारों को चार घंटे तक परीक्षा हाल में रोके रखा गया, ताकि मुद्दा हल हो सके। लेकिन जब लगा कि गोपनीयता को खतरा हो सकता है, फिर इसे रद्द कर दिया गया।

## आकृति बिल्डर्स के हेमंत सोनी ने अपने ही वकील को बेची प्रॉपर्टी, सुप्रीम कोर्ट बोला- क्या नॉनसेंस है

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • आकृति बिल्डर्स (एजी-8) केस में सुप्रीम कोर्ट काफी सख्त हो गया है। दरअसल, बिल्डर हेमंत सोनी ने अपने ही वकील संभव सोगानी को प्रॉपर्टी बेच दी। कोर्ट को यह बात पता चली तो जज नाराज हो गए। कोर्ट ने सीधे शब्दों में कहा है कि यह क्या नॉनसेंस चल रहा है। 28 निवेशकों ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर रखी है। सुनवाई में आरोप लगा कि हेमंत सोनी ने अपने वकील संभव सोगानी को करीब 2.85 करोड़ की पांच प्रॉपर्टी बेच दीं।

सुप्रीम कोर्ट ने सौदे पर कड़ी टिप्पणी की और पांचों सेल डीड निरस्त करने की बात कही है। कोर्ट ने दो महीने में राशि ब्याज सहित लौटाने का समय दिया, वरना जेल भेजने की चेतावनी दी। निवेशकों से करोड़ों रुपए लेने के बाद भी प्रॉपर्टी नहीं देने के मामले में घिरे भोपाल के आकृति बिल्डर्स (एजी-8) के प्रमुख हेमंत सोनी और राजीव सोनी पर जेल जाने की नौबत आ गई है।

इस मामले में 28 निवेशकों ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की हुई है। इन्हें राशि लौटाने का आदेश हुआ था लेकिन बिल्डर ने भुगतान नहीं किया। वहीं जब 3 व 4 जून को सुनवाई हुई तो इसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। निवेशकों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल कौशिक और निवेशक भानु यादव कोर्ट में मौजूद थे। वहीं कोर्ट में हेमंत सोनी, उनके वरिष्ठ अधिवक्ता पुनित जैन और अधिवक्ता संभव सोगानी भी मौजूद थे। इस दौरान निवेशकों की ओर से कहा गया कि आदेश के बाद भी राशि नहीं लौटाई गई। उधर बिल्डर द्वारा पांच प्रॉपर्टी, जिसकी कीमत करीब 2.85 करोड़ है, अपने वकील संभव सोगानी को बेच दी गई। अवमानना केस चलने के दौरान ही बिल्डर ने यह राशि अपने ही वकील के साथ सेल डीड कर ली थी। इसमें प्लॉट, खेती की जमीन और व्यावसायिक जमीन शामिल है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।